तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 25.2 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, गुरुवार 20 मार्च 2025





14 बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाने पर फोकस, सॉफ्ट कॉपी...





14 अप्रैल से नई व्यवस्था के तहत संचालित होंगे ई-रिक्शा...


# विषय चयन किए बगैर दूसरे सेमेस्टर की पढ़ाई, छात्रों को विकल्प देना ही भूला उच्च शिक्षा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

आधी-अधूरी तैयारियों के साथ लागू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। जनवरी में प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं होने के बाद द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं, लेकिन विडंबना यह है कि विद्यार्थियों को विषय चयन किए बगैर ही दूसरे सेमेस्टर की पढ़ाई करनी पड़ रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत जेनेरिक इलेक्टिव सब्जेक्ट अर्थात सामान्य वैकल्पिक विषय का प्रावधान किया गया था। इसके तहत छात्र अपने संकाय से बाहर किसी दूसरे संकाय के एक विषय का चुनाव कर सकते हैं। छात्रों को यह सुविधा देते हुए विषयों का एक पूल तैयार किया गया था। इस पूल से ही विषयों का चुनाव छात्रों को करना था। प्रथम सेमेस्टर में विद्यार्थियों ने पूल में दिए गए विषयों में से अपने पसंदीदा विषय का चुनाव कर लिया। अब द्वितीय सेमेस्टर में पूल तैयार नहीं होने से छात्रों को समस्याएं आ रही हैं।

- जेनेरिक इलेक्टिव सब्जेक्ट के अंतर्गत एक विषय संकाय से बाहर ले सकते हैं छात्र
- विषय चयन के लिए तो पूल बनाया गया, उसमें दूसरे भाग का जिक्र ही नहीं



### प्रथम सेमेस्टर के पुल से विषय चुनने फरमान

एक निजी कॉलेज के प्राचार्य ने बताया, जब महाविद्यालयों ने यह समस्या सामने रखी तो उन्हें फरमान सुना दिया गया कि वे प्रथम सेमेस्टर के लिए तैयार किए गए विषय पूल से ही दूसरे सेमेस्टर के लिए भी जेनेरिक इलेक्टिव के अंतर्गत विषय चुनाव कर लें। इसका छात्र और महाविद्यालय स्तर पर विरोध हुआ। इसके बाद आश्वासन दिया गया कि दूसरे सेमेस्टर के लिए विषय पूल तैयार किए जा रहे हैं। फिलहाल महाविद्यालयों में जेनेरिक इलेक्टिव सब्जेक्ट को छोड़कर अन्य विषयों की पढ़ाई करवाई जा रही है।

### ऐसे समझें पूरा मामला

उदाहरण के लिए मान लीजिए कि कॉमर्स के विद्यार्थी को जेनेरिक इलेक्टिव के रूप में इतिहास और समाजशास्त्र का विकल्प दिया गया। छात्र ने इतिहास के प्रथम पार्ट का चयन प्रथम सेमेस्टर में कर लिया। उच्च शिक्षा विभाग के पूर्व आदेश के अनुसार, दूसरे सेमेस्टर में पहले दिए गए विषय विकल्प के आधार पर ही चुनाव करना होगा। ऐसे में कॉमर्स के छात्र को अब इतिहास की जगह समाजशास्त्र की पढ़ाई करनी होगी, जबकि विद्यार्थी इतिहास के द्वितीय पार्ट की पढ़ाई दूसरे सेमेस्टर में करना चाह रहा है। पूल सब्जेक्ट में इसका जिक्र नहीं होने के कारण वह इसका चुनाव नहीं कर पा रहा है। इसे लेकर ही महाविद्यालयों ने विवि के समक्ष अपना विरोध दर्ज करवाया था।

# 147 करोड़ का लोन बकाया, इसलिए अंत्यावसायी विभाग की योजनाएं बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

अंत्यावसायी विभाग अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय एवं राज्य की योजनाओं ने दम तोड़ दिया है। रायपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में सारी योजनाएं कई वर्षों से बंद पड़ी हैं। इन योजनाओं के बंद होने के कारण हितग्राहियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। हालांकि बंद होने के पीछे बड़ा कारण जो आ रहा है, वह इन योजनाओं के तहत हितग्राहियों को स्वरोजगार को रियायत दर पर दिलाया गया ऋण है। विभिन्न योजनाओं के तहत दिल खोलकर विभाग ने हितग्राहियों को रियायत ब्याज दर पर ऋण बांटा भी पर उसकी रिकवरी कर नहीं पाया। यही वजह है कि प्रदेश में 15 हजार से अधिक हितग्राहियों पर ▶▶| शेष पेज 13 पर



### बकाया ऋण की रिकवरी की जा रही

प्रदेश में 15 हजार से ज्यादा हितग्राहियों पर करीब 147 करोड़ रुपए लोन अभी भी बकाया है। हितग्राहियों से ऋण की किस्त जमा कराकर इसकी रिकवरी की जा रही है। ऋण बकाया होने के कारण केंद्र ने राष्ट्रीय योजनाओं के लिए फंड देना बंद कर दिया है, जिसके कारण ये सभी योजनाएं बंद हैं। राज्य की दो योजनाएं संचालित हैं।
**- पदुम सिंह एल्मा,** आयुक्त, आदिम जाति तथा अनूसूचित जाति विभाग

### राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग योजना 4 साल से बंद

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अंतर्गत टर्म लोन, व्यक्ति-मूलक एवं टर्म लोन, न्यू स्वर्णिमा, शिक्षा ऋण आदि के लिए ऋण दिया जाता है। इन योजनाओं में 50 हजार रुपए से लेकर 5 लाख रुपए तक ऋण देने का प्रावधान है। ये सभी योजनाएं भी 5 वर्षीय हैं।

### 16 जिलों में ही सिमटा रहा विभाग

सूत्रों के अनुसार अंत्यावसायी विभाग निगम का गठन वर्ष 2007-08 में किया गया था। इसके बाद प्रदेश के 16 जिलों में इस समिति के कार्यालय खोले गए। वर्तमान 33 जिले हैं, लेकिन विभाग के कार्यालय अभी भी 16 जिलों में ही संचालित हैं। शेष जिलों में अब तक विभाग के कार्यालय खुल नहीं पाए हैं।

### *अनूसूचित जाति वर्ग की योजनाएं 5 वर्ष से बंद*

*विभाग अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लिए पैंसेजर ट्रांसपोर्ट व्हीकल अंतर्गत, गुड्स कैरियर, ट्रेक्टर ट्राली स्माल बिजनेस, लघु व्यवसाय एवं शिक्षा ऋण आदि योजनाएं संचालित थी। इसके अंतर्गत 5 वर्ष तक के लिए 1 लाख से लेकर 10 लाख रुपए तक अलग-अलग योजना में अलग-अलग ऋण देने का प्रावधान है। ये योजनाएं पिछले 5 साल से बंद हैं।*

### *राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वर्ग की योजना 4 साल से बंद*

*राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वर्ग अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, पैसेंजर ट्रांसपोर्ट व्हीकल, गुड्स कैरियर, ट्रैक्टर ट्रॉली, डीजल-ऑटो व रिक्शा, स्मॉल बिजनेस-1, स्मॉल बिजनेस-2, शिक्षा ऋण योजनाएं शामिल है। इन योजनाओं के तहत भी अलग-अलग योजना में अलग-अलग 1 लाख रुपए से लेकर 10 लाख रुपए तक ऋण देने का प्रावधान है। ये योजनाएं भी पिछले चार वर्ष से बंद हैं।*

# 19 लाख का गबन, दैवेभो के खाते में पैसे डलवाकर मोबाइल से अपने खाते में करता रहा मनी ट्रांसफर

- उच्च शिक्षा विभाग के सहायक ग्रेड 2 बाबू के खिलाफ एफआईआर दर्ज
- साइंस कॉलेज परिसर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में 2 साल से होती रही जालसाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय में लाखों का गबन करने वाले कमर्चारी के खिलाफ अंततः एफआईआर दर्ज करवाई गई है। जांच में 18 लाख 55 हजार 289 रुपए का गबन सामने आया है। गौरतलब है कि जांच प्रक्रिया से लेकर पूरे घोटाले को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। जांच में आरोपी का नाम सामने आने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं कराए जाने को लेकर भी सवाल उठाए गए थे। अंततः उच्च शिक्षा विभाग ने सहायक ग्रेड-2 बाबू आकाश श्रीवास्तव के खिलाफ शिकायत दर्ज ▶▶| शेष पेज 13 पर

### *नियुक्ति प्रमाणपत्र पर भी सवाल*

*आरोपी कर्मचारी की नियुक्ति को लेकर भी सवाल उठ रहे है। आकाश श्रीवास्तव की नियुक्ति 3 सितंबर 2020 को हुई थी। एफआईआर में कहा गया है कि नियुक्ति के दौरान आरोपी द्वारा जो चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है, उसमें सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं है। पुलिस रिकॉर्ड सत्यापन प्रमाणपत्र भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा जारी किया गया है। इसमें केवल सील ही है। किसी तरह के हस्ताक्षर नहीं हैं। इसके फर्जी अथवा वास्तविक होने की जांच करने भी आवेदन किया गया है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बनाई गई दो सदस्यी जांच टीम में सहायक संचालक वित्त डीएस देवांगन और एकाउंटेंट आकाश दुबे शामिल थे। उन्होंने ही जांच पूर्ण कर प्रतिवेदन उच्च शिक्षा विभाग को सौंपा था, जिसके बाद यह कार्रवाई गई।*

### यह है मामला

आरोपी कर्मचारी आकाश श्रीवास्तव द्वारा सक्षम अधिकारियों के डिजिटल हस्ताक्षर कॉपी करके उन कर्मचारियों को वेतन प्रदान करने उच्च शिक्षा विभाग को खत भेजा गया, जो वहां कार्यरत ही नहीं थे। उच्च शिक्षा विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय और रूसा कार्यालय दोनों ही साइंस कॉलेज परिसर में स्थित है। रूसा के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत बताकर उनके लिए वेतन जारी करने खत प्रेषित किया जाता रहा। कर्मचारियों के खाते में वेतन आने के बाद मोबाइल बैंकिंग के जरिए पैसे अपने खातों में ट्रांसफर करवाता रहा। नवंबर 2023 से मार्च 2025 तक लगभग दो साल यह सिलसिला चलता रहा। उच्च शिक्षा विभाग को प्राप्त शिकायत पर अंततः 3 व 4 मार्च को टीम ने कार्यालय में दबिश देकर गहन जांच की।

## खबर संक्षेप

### स्थायी वारंटी यासिन अली गिरफ्तार



**रायपुर।** पंडरी थाने की पुलिस ने स्थायी वारंटी हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है। पुलिस ने यासिन अली को गिरफ्तार किया है। यासिन के खिलाफ पंडरी में हत्या, हत्या की कोशिश सहित शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मारपीट, लूट तथा नारकोटिक्स एक्ट के एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

### दान पेटी से पैसा चोरी दो शातिर गिरफ्तार

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने मंदिर की दान पेटी से पैसा चोरी करने के आरोप में दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। विक्रम सिंह की शिकायत पर पुलिस ने मोहम्मद शेख अल्फाज तथा करण तांडी को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए शातिर ने एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में सरिया चोरी की है।

# पानी उतरा 100 फीट नीचे, टैंकर इसी माह से दौड़ेंगे, नए बोर के लिए भी टेंडर

## विधायक और पार्षदों ने 12 स्थानों पर नया बोरवेल खनन के लिए लिखा पत्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस बार गर्मी के मौसम में किराये के पानी टैंकर जल्द शुरू होंगे। 490 रुपये प्रति ट्रिप के हिसाब से नगर निगम से अनुबंधित ठेकेदार शहर के जलसंकट प्रभावित इलाकों में लोगों की प्यास बुझाने किराये के टैंकर भेजेगा। विधायक और वार्ड पार्षदों ने भी 12 स्थानों पर नए बोरवेल खनन कराने निगम प्रशासन को पत्र भेजा है। इधर राजधानी से लगे दर्जनभर रिहाइशी इलाके में भूगर्भ का जल स्तर अभी से 100 फीट नीचे चला गया है। आने वाले दिनों में यह स्थिति और गहरायेगी। इनमें शंकरनगर, अनुपमनगर, पंडरी, फाफाडीह, प्रियदर्शिनी कालोनी, राजेंद्र नगर, तेलीबांधा, भनपुरी, खमतराई श्रीनगर, शिवानंद नगर, उरला, सिलतरा सहित अन्य इलाके शामिल हैं। वहीं शहर के कुछ इलाके ऐसे भी हैं, जहां अभी भी 200 से 300 फीट की गहराई में ग्राउंड वाटर लेवल बना हुआ है। यानी भूजल स्तर के लिहाज से इन इलाकों में स्थिति अच्छी है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

- 50 लाख रुपये किराए के पानी टैंकर पर होंगे खर्च

### इन इलाकों में 400 से 600 फीट गहराई में भूजल

शंकरनगर, अनुपमनगर, पंडरी, फाफाडीह, प्रियदर्शिनी कालोनी, राजेंद्र नगर, तेलीबांधा, भनपुरी, खमतराई, श्रीनगर, शिवानंद नगर, उरला, सिलतरा, दलदल सिवनी, मोवा, लभांडी, मांढर, जीरो पाइंट, टाटीबंध, जरवाय, देवपुरी, शदाणी दरबार एरिया, वीआईपी रोड, सेजबहार, खिलोरा।

### शहर से लगे ऐसे इलाके जहां 200 से 300 फीट में पर्याप्त पानी

सुंदरनगर, रायपुरा, चंगोराभाठा, संतोषी नगर, लक्ष्मी नगर, विनायक विहार, सरोना, रोहणीपुरम, डगनिया, अश्वनी नगर, कुशालपुर, प्रोफेसरकालोनी, टिकरापारा, ब्राम्हणपारा, कंकाली पारा, हांडीपारा, आमापारा, समता कालोनी, चौबे कालोनी, गीता नगर।

### बोरवेल खनन के लिए आज खुलेगी दर

नगर निगम के जल विभाग द्वारा गर्मी सीजन में पेयजल संकट प्रभावित इलाकों में बोरवेल खनन कराने ऑनलाइन टेंडर किया गया है। इसमें 3 ठेकेदारों ने निविदा भरने में दिलचस्पी दिखाई। 20 मार्च को टेंडर खुलने के बाद बोरवेल खनन की दर तय होगी। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से वहां के वार्ड पार्षदों ने पानी की समस्या दूर करने बोरवेल खनन के लिए आवेदन किया है। साथ ही संबंधित क्षेत्र के विधायक भी नगर निगम को बोरवेल खनन की जरूरत बताते हुए पत्र लिखे हैं।

## निशुल्क इलाज के साथ रियायती दरों पर हो रही जांच

# सरकारी अस्पताल दे रहे मरीजों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीमारियों की पहचान के लिए जांच के नाम पर निजी डायग्नोसिस लैब द्वारा वसूली जाने वाली मोटी रकम के बीच डीके और आंबेडकर अस्पताल में मरीजों को रियायती दर पर जांच की सुविधाएं मिल रही हैं। एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी जरूरी जांच के लिए निजी अस्पतालों में जहां पांच हजार तक खर्च हो रहे हैं, वहीं दोनों अस्पतालों में 15 से 35 सौ में मरीजों की जांच हो जा रही है। दोनों अस्पताल में निजी अस्पतालों और डायग्नोसिस लैब की तुलना में आधी दर पर जांच की सुविधा इन अस्पताल में मिल रही है। आंबेडकर अस्पताल में रेडियोडायग्नोसिस विभाग द्वारा जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, वहीं डीके सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में ▶▶| शेष पेज 13 पर

**निजी डायग्नोसिस लैब की तुलना में डीके और आंबेडकर अस्पताल में जांच शुल्क आधा**



### महत्वपूर्ण जांच और शुल्क

| जांच | डीकेएस | आंबेडकर | निजी लैब |
|---|---|---|---|
| एमआरआई (प्लेन) | 1851 | 3500 | 5000 |
| एमआरआई (कंट्रास्ट) | 2700 | 5000 | 10000 |
| सीटी स्कैन (प्लेन) | 834 | 1400 | 4000 |
| सीटी स्कैन (कंट्रास्ट) | 1251 | 1800 | 5500 |
| एक्सरे चेस्ट (वन फिल्म) | 55 | 60 | 200 |

### बजट में संसाधन बढ़ाने प्रावधान

मरीजों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा आंबेडकर अस्पताल में संसाधन बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। यहां अभी मरीजों की जांच के लिए एक सीटी स्कैन और एक एमआरआई मशीन है, जिस पर दबाव अधिक है। इसकी वजह से मरीजों को जांच के लिए वेटिंग मिलती है। इसकी वजह से उनके इलाज में देर होती है।

### *डीके में 10 रुपए की पर्ची आंबेडकर में निशुल्क*

*डीके सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल का संचालन स्वशासी समिति द्वारा किया जाता है, इसकी वजह से यहां ओपीडी पंजीयन के लिए 10 रुपए शुल्क लिया जाता है। वहीं आंबेडकर अस्पताल में पंजीयन की सुविधा मरीजों को निशुल्क प्रदान की जाती है। दोनों अस्पतालों में मरीजों के जनरल बेड से लेकर आईसीयू का चार्ज भी नाममात्र का है।*

### *90 फीसदी आयुष्मान वाले*

*डीके सुपर स्पशेलिटी और आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचने वाले 90 फीसदी मरीज आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के हितग्राही होते हैं। उनके उपचार और जांच में आने वाला खर्च कार्ड से ब्लाक किया जाता है। जिन 10 फीसदी मरीजों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं होता, उनसे उपचार के दौरान निर्धारित शुल्क लिया जाता है।*




**खबर संक्षेप**

### अवंती बाई के शहादत दिवस परलोधी समाज का सम्मेलन आज

**आरंग।** श्री हरदेव लोधी समाज परिक्षेत्र आरंग द्वारा अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की शहादत दिवस पर 20 मार्च को बलिदान दिवस एवं वार्षिक सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। आरंग के वीरांगना अवंती बाई लोधी चौक स्थित लोधी समाज भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष तथा क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री हरदेव लोधी समाज आरंग परिक्षेत्र के अध्यक्ष गनपत राम लोधी करेंगे। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में आरंग नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन, नगर पालिका आरंग से समस्त नवनिर्वाचित 17 वार्डोंर् के पार्षदगण तथा लोधी समाज के नव निर्वाचित सरपंच ओमप्रकाश लोधी व भुनेश्वर लोधी के साथ पंच, उपसरपंचगण उपस्थित रहेंगे। 20 मार्च को प्रातः 10 बजे अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामाजिक जनों के द्वारा बलिदान दिवस मनाया जायेगा। दोपहर 03 बजे से समाज का वार्षिक सम्मेलन शुरू होगा। इस दौरान अध्यक्ष द्वारा समाज के वार्षिक आय–व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा।

### बैहार में सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह कल

**आरंग।** वार्ड क्र. 16 बैहार (आरंग) में 21 से 23 मार्च तक त्रि–दिवसीय श्री सद्गुरु कबीर साहेब सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें 21 मार्च को शोभा यात्र व निशान पूजा सुबह 10 बजे से, भजन व प्रवचन दोपहर 03 बजे से, 22 व 23 मार्च को गुरु महिमा पाठ प्रातः 08 बजे से, भजन एवं प्रवचन सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे एवं दोपहर 03 बजे से शाम 06 बजे तक होगा। सात्विक यज्ञ, चौका आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### मनिदंर और गौरव सीएस वेतनमान में पदोन्नत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कैडर के 1995 बैच के आईएएस अधिकारी मनिदंर कौर द्विवेदी और गौरव द्विवेदी के सेवा के 30 साल पूरा होने पर छानबीन समिति ने अपेक्स वेतनमान लेवल - 17 में 1 जनवरी से प्रोफार्मा पदोन्नति दे दी है। डीओपीटी विभाग ने 27 दिसंबर को जारी पत्र द्वारा मुख्य सचिव वेतनमान में पदोन्नति हेतु 1 रिक्ति का निर्धारण किया गया है।

# मंदिर हसौद पालिका उपाध्यक्ष ने जीत पर समर्थकों के साथ किया नगर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

**20 पार्षदों में 13 का मिला समर्थन और कांग्रेस प्रत्याशी ओमप्रकाश यादव की हुई जीत**

राज्य में हाल ही में संपादित नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के सबसे सघन क्षेत्र कहे जाने वाले मंदिर हसौद नगर पालिका परिषद में कांग्रेस पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर अपना ही अध्यक्ष एवं कुल 20 पार्षदों में से 13 पार्षद अपने नाम किया है।

इसी कड़ी में उपाध्यक्ष चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज कर अपने उपाध्यक्ष प्रत्याशी ओमप्रकाश यादव उर्फ जीतू (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष) को 20 में से 13 वोट से अर्थात 5 वोटो की बढ़त के साथ उपाध्यक्ष चुनाव हेतु महीने भर से चल



**ढोल बजाए और जमकर की आतिशबाजी**

जीत के बाद निर्वाचित उपाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदीएवं पार्टी के पार्षदगण सहित कांग्रेस परिवार एवं इष्टजनो संग बाजे–गाजे सहित आतिशबाजी करते हुए नगर भ्रमण कर लोगों का आभार जताया एवं कांग्रेस पार्टी को पालिका में काबिज किए जाने हेतु दिए गए आशीर्वाद के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त किए तथा अपने पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया को विशेष आभार व्यक्त करते हुए उनके विश्वास के प्रति उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सभी पार्षदगण, पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण एवं अधिक संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

हो रहे उठा–पटक एवं खींचतान पर हमेशा के लिए लगाम लगा दिए। अध्यक्ष व नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष तथा पार्षदगण द्वारा जीत का श्रेय अपने नेता डॉ. शिवकुमार डहरियाएवं अपने पार्टी के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों को समर्पित किया। विदित हो कि पालिका के उपाध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस पार्टी एवं भाजपा दोनों राजनीतिक दलों द्वारा अपने–अपने स्तर में पूरा ताकत झोंका गया था, अंततः एक बड़ी जीत के साथ कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष प्रत्याशी ओमप्रकाश यादव के पक्ष में ऐतिहासिक वोट पड़े और अधिक अंतर से उन्हें जीत मिली।

**डायल 112 की टीम को जियो पेट्रोल पंप के पास से एक बीमार अधेड़ महिला को अस्पताल में कराया था भर्ती**

# चार दिन पूर्व इलाज के लिए भर्ती महिला सरकारी अस्पताल से गायब, मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

पुलिस को धरसींवा थाना क्षेत्र में एक महिला का संदिग्ध परिस्थिति में शव मिला है. इस मामले में अब शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रबंधन की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है. दरअसल, मृत महिला को पुलिस ने चार दिन पहले अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया था. जो अचानक गायब हो गई थी और उसकी लाश कल यानी मंगलवार को बरामद हुई हालांकि अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि हम महिला की गायब होते ही पुलिस को सूचना दे दिए थे।

**खास बातें**

- अभी तक महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई, महिला के गायब होने पर अस्पताल प्रशासन का जवाब असंतोषजनक
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण होगा स्पष्ट



**पेट्रोल पंप के पास मिली थी महिला**

डायल 112 की टीम को जियो पेट्रोल पंप के पास से एक बीमार अधेड़ महिला मिली थी, जिसे इलाज के लिए धरसींवा के शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया. चार दिन के बाद यानी मंगलवार को उसी महिला का शव अस्पताल से 7 किमी दूर देवारी गांव के पास बरामद किया गया जिसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा कि उक्त महिला की मौत कैसे हुई है।

**महिला अचानक थी गायब : बीएमओ**

मामले पर बीएमओ विकास तिवारी का कहना है कि पुलिस की डायल 112 सेवा के जवान शनिवार को उक्त महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसीवा छोड़कर गए थे. जांच में वह स्वास्थ्य पाई गई थी. चूंकि अस्पताल में मरीजों को भोजन भी बनता है इसलिए उसे भोजन भी कराया गया था. काफी समय तक वह वार्ड में ही रही लेकिन अचानक शनिवार की रात को ही गायब हो गई थी।

**महिला का शिनाख्त नहीं हुई**

धरसींवा थाना के टीआई राजेंद्र दीवान ने मामले को लेकर बताया कि शनिवार को पुलिस की डायल 112 सेवा पर प्वाइंट आया था कि एक अज्ञात बीमार महिला जियो पेट्रोल पंप के पास है. धरसींवा पुलिस की डायल 112 सेवा में तैनात जवान मौके पर पहुंचे और बीमार महिला को धरसींवा के शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए छोड़कर आए. 4 दिन बाद उसी महिला का अस्पताल से करीब 7 किलोमीटर दूर देवरी गांव के समीप खेत में संदिग्ध अवस्था में शव मिला. पुलिस ने मौका पंचनामा के बाद शव को धरसींवा चीर घर में पीएम के लिए रखवाया है और उसकी शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं।

## धान संग्रहण केंद्र के चौकीदार से मारपीट, चार गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा।** आवेदक राजीव लोचन शुक्ला के द्वारा धान संग्रहण केन्द्र कोहका भाठा में कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा चैकीदार के साथ वाद विवाद करने के संबंध में शिकायत आवेदन दिया था, जिस पर कुलेश्वर निषाद पिता जेठू राम 20 वर्ष, राहुल धीवर पिता बिरझू उम्र 20 वर्ष, ओंकार निषाद पिता देवा राम उम्र 19 वर्ष, रूपेंद्र निषाद पिता परदेशी उम्र 27 वर्ष सभी ग्राम कोहका निवासी को थाना तलब किया गया जो पुलिस की उपस्थिति में ही देख लेने की बात बोलकर पुनः वाद विवाद मारपीट पर उतारू हो गये थे ।

चारों को तत्काल धारा 170 बीएनएस में गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय तिल्दा नेवरा में पेश किया गया जहॉं से चारों को जेल वारंट बनने पर केन्द्रीय जेल रायपुर के लिये रवाना किया गया।

## अज्ञात अधेड़ की लाश फांसी पर झूलते मिली

**तिल्दा नेवरा।** बिलाडी कक्ष क्र0 41 जंगल के चैकीदार धन्नू यदु ने बताया कि आरक्षित वनक्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति ( 55) की लाश सागौन वृक्ष पर फांसी के फंदे में लटका मिली।

सूचना के बाद थाना तिल्दा नेवरा में मर्ग कायम कर अज्ञात मृतक पुरूष एवं उसके वारिसानो की पतासाजी की जा रही है। घटनास्थल पर एक सफेद कमीज, काला फुलपेंट , लाल नीला आसमानी चैखना गमछा बरामद किया गया है। मृतक की फोटो एवं हुलिया की पहचान की जानकारी थाने में उपलब्ध है। जानकारी देने के लिए दूरभाष नंबर 94791-91056, 07721-233707 पर सूचित करें।

## व्यापारी संघ ने की पालिकाध्यक्ष से भेंट



**आरंग।** नगर के व्यापारी संघ ने आरंग पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन से सौजन्य भेंट कर बधाई दी। व्यापारियों ने नगर मे चल रहे गतिविधियो पर भी अपने विचार रखे, जिसमे राजनैतिक व व्यापारिक सहयोग के साथ पूर्ण व स्थायी सब्जी बाजार की आवश्यकताओ पर बल दिया। इस पर पालिकाध्यक्ष ने हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल मे अध्यक्ष सूरज शर्मा, सचिव दिलीप चंद्राकर, कोषाध्यक्ष राकेश गुप्ता, उपाध्यक्ष पंकज शुक्ला, संरक्षकगण दीपक सोनी, आनंद द्वारकानी, रामधन चंद्राकर, बिठ्ठल साहू, शरद गुप्ता, दिलीप जलक्षत्री, सोमेश चौबे, राजू गुप्ता, आर्यन गुप्ता, पार्षद पुष्कर साहू सहित पार्षद प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## चपरीद स्कूल में रसोइया शकुन ने दिया न्योता भोज

**आरंग।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला चपरीद में रसोईया शकुन के द्वारा बच्चो को न्योता भोज कराया गया। जिसमें खीर, पुरी पुलाव, टमाटर की चटनी वितरण किया गया और कक्षा पांचवी के बच्चों को विदाई भी दी गई तथा प्रधान पाठक मृणाल पांडे व रामनारायण देवांगन द्वारा बच्चों को पेन और कार्ड बोर्ड वितरण किया गया। इस अवसर पर पालकगणों की भी उपस्थिति रही एवं स्टाफ कोमल कुमार, पूर्णिमा इंदौरिया, रसोईया केकती बाई आदि उपस्थित थे।



## डोमा एवं उगेतरा में हुआ 3 दिनी रामायण समारोह

**आरंग।** ग्राम डोमा एवं उगेतरा मे त्रि–दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों ने भाग लेकर अपनी कला एवं व्याख्या के माध्यम से धर्म के प्रति ग्रामवासियों का मन मोह लिया। समापन अवसर मे बतौर मुख्य अतिथि यशवंत धनेंद्र साहू सम्मलित हुए। साहू ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम में धार्मिक कार्यक्रम आयोजन होने से शांति, एकता, भाई चारा एवं विकास की उत्पति होती है। मानव जीवन के लिए धर्म के प्रति आस्था एवं लगाव पुण्य के बराबर होता है। आज गांव–गांव मे रामायण के ज्ञाता विद्वान विदुषियो के द्वारा धर्म का प्रचार मानव जीवन को सार्थक बनाने कार्य किया जा रहा है, जो आने वाले भविष्य ले लिए सुनहरा प्रतीत हो रहा है। कार्यक्रम में डामन साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर, सतीश धुरव (सरपंच, हुलाश राम साहू, मोहन साहू, प्रहलाद साहू, घनश्याम साहू, गजराज साहू, बिहारी साहू, तुलाराम साहू, राधेश्याम साहू, मनोज साहू, रेखराज साहू, गोपी तारक, राजाराम यादव, भुवन साहू, राजेश साहू, बलराम साहू, अर्जुन साहू, गैतराम साहू, नरेंद्र सोनी, घनाराम तारक सहित आयोजक समिति के सदस्यगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



## शहीद चिरंजीव बघेल की पुण्यतिथि मनाई



**तिल्दा नेवरा।** कुर्मी छात्रावास नेवरा में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल में शहीद चिरंजीव बघेल की पुण्य तिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजा अर्चना कर उनके योगदान को याद किया गया।

इस अवसर पर शहीद चिरंजीव बघेल के परिजन नेहा बघेल, स्कूल की प्राचार्या अंबिका वर्मा, मंजू निर्मलकार, प्रतिमा तिग्गा, कविता सोनी, कीर्ति, दीपा, रूखमणि, वर्ष, मनोज, मुरली मनोहर आदि उपस्थित थे।

## साय ने कहा- मंत्रिमंडल का विस्तार और निगम मंडलों में नियुक्ति जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली प्रवास से लौटने के बाद कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी मुलाकात हुई। उन्हें हाल ही में हुए नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बारे में बताया। पीएम ने बधाई दी और इस जीत को सुशासन, विकास और विश्वास की जीत बताया।

- दो दिवसीय दिल्ली दौरे से लौटे मुख्यमंत्री

एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में दिल्ली में पीएम मोदी से उनके 30 मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि नक्सलवाद के खिलाफ अभियान के साथ ही शांति व्यवस्था कायम करने को लेकर जो काम किए जा रहे हैं, उसके बारे में भी पीएम मोदी को बताया। गृहमंत्री अमित शाह से भी नक्सलवाद को लेकर चर्चा हुई। मंत्रिमंडल विस्तार और निगम मंडल नियुक्ति पर सीएम ने कहा, मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होगा और निगम मंडलों में भी नियुक्ति होगी। सीएम साय ने बताया कि शहरी विकास मंत्री खट्टर से भी मुलाकात कर नगरीय क्षेत्रों के विकास को लेकर बात हुई है। एनर्जी के सेक्टर में समिट कर 3 लाख करोड़ का निवेश आ रहा है। आने वाले 5 साल में ऊर्जा के हर क्षेत्र में प्रोडक्शन को लेकर चर्चा हुई।



**कांग्रेस का जो हश्र होना है हुआ**

कांग्रेस के पॉलिटिकल अफेयर की बैठक पर सीएम विष्णुदेव साय ने चुटकी लेते हुए कहा, कांग्रेस का जो हश्र होना था वो हुआ है।

## आदर्श विवाह कर फिजूल खर्च रोकने लगाने का दिया संदेश

**आरंग।** ग्राम रानीसागर के ग्रामीण झेरिया साहू समाज के पदाधिकारी तीरथराम साहू, खुमान साहू, भुवन साहू, बिसहत साहू, योगेश साहू, कुमारी साहू, गुप्ता साहू, प्रीतराम साहू, डॉ जगदीश साहू के मार्गदर्शन में रानीसागर निवासी रमेश साहू ने अपनी सुपुत्री लक्ष्मी साहू का आदर्श विवाह कागदेही निवासी रोहित साहू से विवाह करके फिजुल खर्च होने से बचाया। झेरिया साहू समाज के आराध्य देवी मां कर्मा माता मंदिर में पूजा अर्चना, आरती पुष्पा वर्षा करते हुए, मां कर्मा के चरणों में प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। दोनों के दाम्पत्य जीवन की मंगल कामना करते हुए ग्रामीण झेरिया साहू समाज रानीसागर ने माता कर्मा का फोटो और इक्कीस सौ रूपये का सहयोग राशि दान स्वरूप भेंट कर दोनों को आशीर्वाद प्रदान कर साहू समाज को सुचिता का संदेश दिया।



## बाहनाकाडी में महापरीक्षा की सामग्री का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 23 मार्च को होने वाले राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा आयोजन की तैयारी अंतर्गत विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा ने शासकीय प्राथमिक शाला बहनाकाडी में 40 परीक्षा केन्द्रो के ग्राम प्रभारीगणों को शिक्षार्थियों के पंजीयन के लिए सभी आवश्यक प्रपत्र, प्रश्न पत्र एवं स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया। साथ ही महापरीक्षा के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए सबको प्रेरित किया और कहा कि साक्षरता ही जीवन का कर्म है और इसका क्रम कभी टूटना नहीं चाहिए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी अलंकार परिहार, सहायक नोडल चंडिका वर्मा एवं डोमार वर्मा आदि की उपस्थिति रही।

# महाराष्ट्र के किसानों का बीज और प्रसंस्करण पर प्रशिक्षण जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना किसान उत्पादक संगठन योजना के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र के विभिन्न कृषक समूहों को चावल एवं धान्य फसलों के बीज उत्पादन एवं प्रसंस्करण की प्रशिक्षण हेतु ग्राम गुल्लु के बीज प्रक्रिया केन्द्र में भ्रमण कराया जा रहा है।

जिसके तहत अब तक विभिन्न कृषक समूहों के सैकड़ों किसानों का प्रशिक्षण सह भ्रमण कराया जा चुका है। प्रशिक्षण में पहुंचे किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र रायपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा चावल आधारित व्यवसायों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया जा रहा हैं। जिसमें विशेष रूप से राइस मिल एवं बीज उत्पादन के संबध में विशेष रूप से बताया जा रहा हैं। वहीं ग्राम गुल्लू स्थित मां विद्या बीज प्रक्रिया केन्द्र में किसानों ने भ्रमण कर हर्ष व्यक्त करते हुए महाराष्ट्र में बीज उत्पादन कर कृषि आधारित व्यापार को बढ़ावा देने की बात कहा है। प्रशिक्षण में कृषि वैज्ञानिकों सहित बड़ी संख्या में महाराष्ट्र व अंचल के किसानों की उपस्थिति व सहभागिता रही।



**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती रानी देवांगन पति गोपाल देवांगन निवासी- महामाया पारा आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. का निवासी है जिन्होने विक्रेतागण आशीष सोनी, प्रतीक सोनी दोनो के पिता राजू सोनी उर्फ डी. एन. सोनी निवासी आरंग जिला रायपुर छ.ग. की हक हित आधिपत्य की आवासी भूमि जो कि नगर पंचायत आरंग के बालाजी कालोनी से लगी भूमि जिसका प.ह.न.29 रा.नि.म. आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भू-स्वामी हक कि भूमि जिसका खसरा न. 3589/42 का रकबा 0.0131 हे. खुली (1406 वर्गफीट) भूमि को क्रेता श्रीमती रानी देवांगन के पास बिक्री करने का पक्का सौदा कर लिए है एवं बतौर बिक्री ब्याना की राशि प्राप्त कर लिए है केवल पंजीयन करना शेष है इस सौदा एवं बिक्री से किसी भी व्यक्ति निकाय, संस्था, साहूकार, शासकीय एवं अर्धशासकीय बैंक, शासन को आपत्ति, दखल, हो तो स्वंय उपस्थित होकर या वैध अभिभावक या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस्तहार प्रकाशन की तिथि से 05 दिन के अंदर लिखित में निचे दिए गये पते पर आपत्ति दर्ज करे एवं लिखित में पावती प्राप्त करें नियत तिथि के बाद मेरे मोवकील क्रेता के पक्ष रजिष्ट्री बैनामा कर देगा। नियत तिथि के पश्चात किया गया आपत्ति शून्य होगा एवं विक्रेता एवं क्रेता के उपर कोई बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने

स्थान- आरंग
दिनांक-19/03/2025 भवदीय
श्रवण सोनी, अधिवक्ता
ब्लाक कालोनी आरंग जिला-रायपुर
(मुहर) (छ.ग.) मो. 9893785700

**न्यायालय अति. तहसीलदार अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण पेश। प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी अभनपुर से प्राप्त। आवेदक सतीश कुमार पिता मनबहाल निवासी ग्राम खण्डवा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. ग्राम खण्डवा प.ह.नं. 18 तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित ख.नं. 495/2, 510, 710, 777, 784, 795, 477 रकबा 0.2000, 0.1300, 0.1800, 0.2800, 0.1200, 0.1400 हे. सतीष कुमार, संध्या दुर्गा पिसरान श्री मनबहाल के नाम पर शामिलात रूप से दर्ज है। वर्तमान कम्प्यूराईज ऑनलाईन रिकार्ड बी-1 ऑनलाईन रिकार्ड बी - 1 में सतीष कुमार संध्या दुर्गा पिसरान श्री मनबहाल के नाम पर शामिलात रूप से दर्ज है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 26/03/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 06/03/2025 को जारी किया गया।

(मुहर) अतिरिक्त तहसीलदार
अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)



ईडब्ल्यूएस के लिए जमीन हस्तांतरण में कॉलोनाइजर को पहुंचाया 1.54 करोड़ का फायदा

# कैग रिपोर्ट में खुलासा, शहरी स्थानीय निकायों में कॉलोनाइजरों-ठेकेदारों को पहुंचाया करोड़ों का फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्थानीय निकायों पर महालेखाकार का प्रतिवेदन बुधवार को विधानसभा में पेश किया गया। यह प्रतिवेदन वर्ष 2016 से 2022 तक की अवधि का है। रिपोर्ट में निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और साफ-सफाई के लिए खरीदी और सुविधाओं के विस्तार पर बड़ा खुलासा हुआ है। प्रतिवेदन में कई अनियमितताओं का खुलासा किया गया है।

यह कहा गया कि सरकार ने शहरी स्थानीय निकायों को कम बजट आबंटित किया। यही नहीं, कचरे का निपटारा भी सही ढंग से नहीं किया। वैकल्पिक स्थल पर ईडब्ल्यूईएस के लिए हस्तांतरित की गई जमीन का मूल्य कम होने के कारण कॉलोनाइजर को 1.54 करोड़ रुपए का अनुचित फायदा पहुंचाया गया। वहीं ठेकेदारों को कंक्रीट पाइप डालने का अधिक दरों पर भुगतान कर 7.55 करोड़ का फायदा पहुंचाया। विधानसभा में पेश किए गए महालेखाकार के प्रतिवेदन में बताया गया कि शहरी स्थानीय निकायों के कुल संसाधनों में स्वयं के राजस्व का हिस्सा वर्ष 2016 से 2021-22 के दौरान 16 से 19 फीसदी रहा। इस तरह 6 वर्षों की अवधि में शहरी स्थानीय निकाय का खुद का राजस्व स्थिर रहा। स्थानीय निकायों में कचरे के मानव बल के बिना इस सुविधा को गौधन न्याय योजना के साथ साझा करने के कारण कचरे के संग्रहण, पृथक्करण और प्रसंस्करण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। योजना और जरूरत के बिना बुनियादी ढांचे, वाहनों का विकास और खरीदी के फलस्वरूप सुविधाएं निष्क्रिय हो गईं और 369.98 लाख का निष्फल व्यय हुआ है।

### कॉलोनाइजर को 1.54 करोड़ रुपये का अनुचित लाभ

इसके अलावा, ईडब्ल्यूएस की भूमि के जरिए कॉलोनाइजर को 1.54 करोड़ रुपये का अनुचित लाभ पहुंचाने का भी खुलासा हुआ है। कोरबा निगम में ठेकेदार को 7.88 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया गया है। प्रतिवेदन में बताया गया कि वैकल्पिक स्थल पर ईडब्ल्यूएस के लिए हस्तांतरित की गई जमीन का मूल्य कम होने के कारण कॉलोनाइजर को 1 करोड़ 54 लाख रुपए कर अनुचित लाभ पहुंचाया।

### ठेकेदार को 7.88 करोड़ का अधिक भुगतान

वहीं कोरबा नगर निगम द्वारा भूमि की अनुचित दर उपयोग किए जाने के कारण तीन कॉलोनाइजर से भूमि के बदले 75 लाख 77 हजार



रुपए के शुल्क की कम वसूली की गई। पालिक निगम द्वारा भूमि का अनुचित उपयोग किए जाने के कारण तीन बताए गए हैं। कोरबा नगर निगम द्वारा ठेकेदार को प्री-स्ट्रेस्ड सीमेंट कांक्रिट पाइप का उपयोग किए जाने पर प्री-कॉस्ट कांक्रिट पाइप को लागू उच्च दरों पर भुगतान किए जाने के फलस्वरूप 7 करोड़ 88 लाख का अधिक भुगतान किया गया।

### 137 स्थानीय निकायों के ऑडिट में 1613 आपत्तियां

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 137 स्थानीय निकायों के ऑडिट में 1613 आपत्तियां पाई गईं। इसके अलावा, 2017 से 2022 तक वित्त आयोग से अनुशंसित बजट से पंचायतों को कम राशि दी गई है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए ठीक से डीपीआर भी नहीं बनाया गया। रायपुर के एसएलआरएम सेंटर के अलावा प्रदेश भर में बेहतर कार्य नहीं हुआ।

### अंबिकापुर की सराहना भी

प्रतिवेदन में नगर पालिक निगम अंबिकापुर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 और एमसीसी में निहित प्रावधानों का अनुपालन करते हुए एसएलआरएन केन्द्रों पर पूर्ण पृथक्करण करने वाला एक मात्र शहरी निकाय है। यहां जैविक कचरे से खाद तैयार किया जाता है।

## बैगा आदिवासी क्षेत्र में नलकूप खनन में धांधली, मंत्री ने दिया जांच का आश्वासन



भाजपा विधायक भावना बोहरा ने उठाया मामला



विधानसभा में बैगा आदिवासी क्षेत्र में नककूप खनन में धांधली का मामला उठाते हुए भाजपा विधायक भावना बोहरा ने जांच की मांग की। इस पर मंत्री केदार कश्यप ने जांच कराने का आश्वासन दिया। भाजपा विधायक भावना बोहरा ने प्रश्नकाल में कहा, आदिवासी बैगा क्षेत्र में नलकूप खनन की जानकारी वर्ष 2019 से मांगी थी, उनके सवाल में संशोधन का 2021 से अब तक की जानकारी दी गई है। इस पर सभापति धर्मजीत सिंह ने कहा, इसकी अवधि विधानसभा सचिवालय से ही कम की गई है। विधायक ने सवाल किया कि क्या कृषि के लिए बोरवेल खनन का कोई प्रावधान रखा है? मंत्री ने जवाब दिया कि पीएम जन मन योजना के तहत बहुत सारे कार्य होते हैं। हमारी कोशिश है कि पिछड़े वर्ग के लोगों को ज्यादा से ज्यादा योजना का लाभ दिया जाए, कोई अलग से जानकारी हो तो बता दें हम जांच करवा लेंगे।

### अधिकारी-ठेकेदार ने की बोरवेल खनन में गड़बड़ी

विधायक भावना बोहरा ने कहा, 2019 का बैगा आदिवासी क्षेत्र में 93 नलकूप खनन का कार्य होना था, जिसमें बहुत ज्यादा धांधली हुई है। 94 हजार प्रति नलकूप खनन की दर से भुगतान किया गया है। जीआई पाइप के स्थान पर प्लास्टिक पाइप लाइन डाली गई है। अधिकारी और ठेकेदारों की मिली भगत थी, क्या इसकी जांच कराएंगे? मंत्री ने कहा, जो भी जानकारी दी गई है, अलग से उपलब्ध करवा दें, दिखावा लेंगे। बैगा जनजाति के लोगों के लिए जाने सदैव बेहतर क्रियान्वयन करना है।

## लाखों पदों पर भर्ती का वादा था, लेकिन अब तक शुरू नहीं हुई प्रक्रिया

मुख्यमंत्री के विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत एक लाख पदों पर भर्ती का वादा किया गया था, लेकिन अब तक कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। पिछले वित्तीय वर्ष में आर्थिक सलाहकार परिषद बनाने और दिव्यांगों की बैकलॉग भर्ती की घोषणा की गई थी, जो अब तक अधूरी है। मुख्य सूचना आयुक्त के पद की भर्ती भी अटकी हुई है।

महंत ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में खनिज उत्पादन 25 लाख 693 मीट्रिक टन था, जो वर्ष 2024-25 में घटकर 3 हजार 973 लाख मीट्रिक टन हो गया। पिछले साल के मुकाबले यह 15 प्रतिशत कम हो गई। यही



आपकी समृद्धि की गति है। सवाल उठता है कि आखिर यह गिरावट क्यों आई? छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली वाला राज्य है, फिर भी बिजली कटौती जारी है। रायपुर और रायगढ़ में ट्रांसफार्मर में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं, जो पहले नहीं होती थी। प्रदेश में अवैध रेत खनन, परिवहन और भंडारण को नियंत्रित करने में सरकार विफल रही।

### शराब नीति पर उठाए सवाल

नेता प्रतिपक्ष ने सरकार की शराब नीति की आलोचना करते हुए कहा कि 67 नई शराब दुकानों को खोलने का निर्णय संविधान के अनुच्छेद के विरुद्ध है। यह राज्य को किस दिशा में ले जाएगा? उन्होंने परिवहन विभाग में दलालों की बढ़ती संख्या पर भी सवाल उठाया। उन्होंने दावा किया कि पिछली सरकार ने दलालों पर 75 प्रतिशत तक रोक लगाई थी, लेकिन अब फिर से लोग दलालों की चपेट में आ गए हैं।

### आवारा पशु और सहकारी दुग्ध महासंघ का मुद्दा

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा, काऊ कैचर योजना के तहत आवारा मवेशियों को गौठानों में रखने की योजना थी, लेकिन सड़कों पर अभी भी मृत पशु दिख रहे हैं। राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को देने की चर्चाएं हो रही है, जिससे स्थानीय दुग्ध उत्पादकों को नुकसान होगा। आयकर विभाग को बड़े उद्योगों से पानी पर 8,000 करोड़ रुपये की वसूली करनी है, लेकिन अब तक यह वसूली नहीं हो सकी। उन्होंने "नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी" योजना का जिक्र किया।

### शिक्षा और धार्मिक न्यास विभाग की अनदेखी

38 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा सरकार ने की थी, लेकिन अब तक कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि 125 स्कूल बंद कर दिए गए हैं। यदि सरकार ने इन्हें बंद नहीं किया तो फिर ये आंकड़े गलत कैसे हो गए?धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग को मिले बजट का केवल 4 प्रतिशत ही खर्च किया गया है। महंत ने तंज कसते हुए कहा, प्रयागराज में 66 करोड़ लोग स्नान करने पहुंचे थे, जबकि कहा जाता है कि देश में 33 करोड़ देवी-देवता हैं। ऐसे में हर देवता के लिए केवल दो श्रद्धालु ही पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप

### मनिदंर और गौरव सीएस वेतनमान में पदोन्नत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कैडर के 1995 बैच के आईएएस अधिकारी मनिदंर कौर द्विवेदी और गौरव द्विवेदी के सेवा के 30 साल पूरा होने पर छानबीन समिति ने अपेक्स वेतनमान लेवल - 17 में 1 जनवरी से प्रोफार्मा पदोन्नति दे दी है। डीओपीटी विभाग ने 27 दिसंबर को जारी पत्र द्वारा मुख्य सचिव वेतनमान में पदोन्नति हेतु 1 रिक्ति का निर्धारण किया गया है।

### नगर पंचायत नवागढ़ के वार्ड क्रमांक 14 में उप चुनाव

**रायपुर।** जांजगीर-चांपा जिले के नगर पंचायत नवागढ़ के वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद पद के लिए मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के नामनिर्देशित अभ्यर्थी की मृत्यु के कारण उक्त वार्ड के पार्षद पद का उपचुनाव कराया जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पंचायत नवागढ़ के वार्ड क्रमांक 14 पार्षद पद के चुनाव हेतु समय अनुसूची जारी कर की गई है। नामांकन 19 से 26 मार्च तक भरे जाएंगे। 29 मार्च को नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 8 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगी तथा मतगणना 11 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

### अंबिकापुर मेडिकल कालेज के लिए 472.58 करोड़ की पुनरीक्षित स्वीकृति

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश और स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव पर वित्त विभाग ने अंबिकापुर के शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध चिकित्सालय भवन के निर्माण कार्य हेतु पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। पूर्व में इस परियोजना के लिए 374.08 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई थी। निर्माण कार्यों के दायरे में हुए विस्तार और लागत वृद्धि के बाद अब परियोजना की कुल लागत 472.58 करोड़ रुपये स्वीकृत की गई है। कॉलेज परिसर में निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहे हैं। अब तक स्टाफ क्वार्टर, छात्रावास भवन, महाविद्यालय भवन, बाउंड्री वॉल, आंतरिक और बाह्य सड़कें, अंडरग्राउंड वाटर टैंक, एनिमल हाउस, ड्रेनेज सिस्टम, रिटेनिंग वॉल एवं टो वॉल जैसे प्रमुख निर्माण पूरे हो चुके हैं। ये भवन चिकित्सा विभाग द्वारा उपयोग में लाए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा को भी बढ़ावा मिल रहा है।

आज अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का फैसला

## विनोद तिवारी ने कहा- अब चुनाव की तारीख बदली तो करेंगे उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए गुरुवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में चुनाव होगा। इसके लिए प्रशासन ने पहले ही अधिसूचना जारी कर दी है। चुनाव की यह तीसरी बार अधिसूचना जारी की गई है। इससे पूर्व दो बार चुनाव को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया था। बार-बार बिना ठोस कारण से चुनाव की तारीख आगे बढ़ाए जाने का कांग्रेस पुरजोर से विरोध भी कर चुकी है।



कांग्रेस नेताओं ने यह आरोप भी लगाया है कि हार के डर से राज्य सरकार के दबाव में आकर चुनाव की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है। इधर कांग्रेस नेता विनोद तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कलेक्टोरेट परिसर में तारीख बढ़ाने के विरोध में जमकर प्रदर्शन भी किया था। विनोद तिवारी का कहना है कि अगर तीसरी बार भी चुनाव की तारीख आगे बढ़ाई गई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। हालांकि इस बार चुनाव की तारीख आगे बढ़ाए जाने की संभावना बहुत कम है, क्योंकि भाजपा में सदस्यों की संख्या 8 से बढ़कर 9 हो गई है। जोगी कांग्रेस से जीते सदस्य संदीप यदु भी पार्टी में शामिल हो गए हैं, जिसके बाद भाजपा अब बहुमत के आधार पर अपनी जीत तय मानकर चल रही है।

### ये सदस्य करेंगे वोट

संदीप यदु, हरिशंकर निषाद, सविता चंद्राकर, सरोज चंद्रवंशी, अग्रवाल नवीन कुमार, शैल महेंद्र कुमार साहू, स्वाति वर्मा, पूजा लोकमणि कोशले, अन्नु तारक, चंद्रकला रामचंद्र ध्रुव, यशवंत धनेंद्र साहू, भीनु सुजीत घिदौड़े, कविता हेमंत कश्यप, वतन अंगनाथ चन्द्राकर, तारिणी दीपक चंद्राकर एवं गुरु सौरभ साहेब शामिल है। इन सदस्यों में भाजपा के 8, कांग्रेस के 6 तथा एक जोगी कांग्रेस से और एक निर्दलीय है। जोगी कांग्रेस से संदीप यदु अब भाजपा प्रवेश कर चुके हैं। इस तरह भाजपा सदस्यों की संख्या बढ़कर 9 हो गई। एक निर्दलीय सदस्य का वोट भाजपा के पक्ष में जाएगा या कांग्रेस के यह अभी तय नहीं है। हालांकि भाजपा का यह दावा है कि निर्दलीय सदस्य का वोट भी उनके पक्ष में पड़ेगा।

### सुबह 11 बजे वोटिंग, सुरक्षा का रहेगा पुख्ता इंतजाम

अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए वोटिंग सुबह 11 बजे होगी। इसके लिए प्रशासन ने तैयारियां कर ली है। चुनाव में सदस्यों के अलावा भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टी से बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के भी पहुंचने की संभावना है। इसके कारण कलेक्टोरेट परिसर में गहमागहमी का माहौल भी रहेगा। इसे देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से यहां बड़ी तादात में पुलिस बल भी मौजूद रहेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 12 मार्च को जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना था, लेकिन चुनाव के दस मिनट पहले इसे स्थगित कर दिया गया। इसे लेकर कांग्रेसियों ने कलेक्टोरेट परिसर में ही प्रदर्शन करना शुरू कर दिया था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस बल लगाना पड़ा था। किसी कारण से इस तरह की स्थिति दोबारा निर्मित न हो। इसे देखते हुए सुबह 9 बजे से कलेक्टोरेट परिसर में पुलिस बल तैनात रहेगी। कलेक्टोरेट में प्रवेश करने वाले सभी गेट से लेकर रेडक्रास भवन परिसर एवं बाहरी परिसर में भी पुलिस जवान तैनात रहेंगे। एडीएम देवेंद्र पटेल ने कहा कि चुनाव कोई भी हो सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल को तैनात किया जाता है।

## कवासी से मिलने जेल पहुंचे पायलट ने कहा- भाजपा सरकार कर रही जबरन कार्रवाई, साय बोले- कोर्ट का दरवाजा खुला है

एजेंसी के माध्यम ये मनोबल तोड़ने की हो रही कोशिश, संघर्ष जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट बुधवार को सेंट्रल जेल पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व मंत्री कवासी लखमा से मुलाकात की। जेल में कवासी लखमा से मुलाकात के बाद सचिन पायलट ने संवाददाताओं से चर्चा में भाजपा सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा, जो लोग भाजपा की विचारधारा का विरोध करते हैं, सरकार उनके साथ ऐसा ही व्यवहार करती है। लोगों का चरित्र हनन करने की कोशिश की जाती है। हम न्यायालय में लड़ाई लड़ते रहेंगे। सरकार द्वारा एजेंसी के माध्यम से मनोबल तोड़ने की कोशिश की जाती है। हमें पूरा विश्वास है कि हमें न्यायालय के माध्यम से विजय मिलेगी। हमारा पोलिटिकल संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा सरकारी एजेंसी का धड़ल्ले से दुरुपयोग हो रहा है। ये व्यक्ति



विशेष की लड़ाई नहीं, हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे, पूरे देश में जहां-जहां बीजेपी सरकारी एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है, वहां वहां विरोध करेंगे। मुलाकात के दौरान उनके साथ नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधायक देवेंद्र यादव समेत कई अन्य कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे।

### सरकार पर महंत ने साधा निशाना

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, शासन की ओर से जो भी कष्ट मिल रहा है, उसे बड़ी दिलेरी के साथ कवासी लखमा झेल रहे हैं। उनमें झेलने की ताकत है, जो वह सह रहे हैं, वो सरकार की प्रताड़ना है। केंद्रीय और राज्य सरकार की प्रताड़ना को झेलने में कोई कोताही नहीं बरत रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट और अन्य पदाधिकारी भी उनसे मिलने आए थे।

### सीएम साय बोले- पायलट के आरोप मिथ्या

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के सरकार पर जबरन कार्रवाई के आरोप लगाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पलटवार करते हुए कहा, पायलट के आरोप मिथ्या हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियां सोच-समझकर किसी पर हाथ डालती हैं। अगर अन्याय हो रहा है, तो कोर्ट का दरवाजा खुला है।

## साय ने कहा- मंत्रिमंडल का विस्तार और निगम मंडलों में नियुक्ति जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली प्रवास से लौटने के बाद कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी मुलाकात हुई। उन्हें हाल ही में हुए नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बारे में बताया। पीएम ने बधाई दी और इस जीत को सुशासन, विकास और विश्वास की जीत बताया। एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में दिल्ली में पीएम मोदी से उनके 30 मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि नक्सलवाद के खिलाफ अभियान के साथ ही शांति व्यवस्था कायम करने को लेकर जो काम किए जा रहे हैं, उसके बारे में भी पीएम मोदी को बताया। गृहमंत्री अमित शाह से भी नक्सलवाद को लेकर चर्चा हुई। मंत्रिमंडल विस्तार और निगम मंडल नियुक्ति पर सीएम ने कहा, मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होगा और निगम मंडलों में भी नियुक्ति होगी। सीएम साय ने बताया कि शहरी विकास मंत्री खट्टर से भी मुलाकात कर नगरीय क्षेत्रों के विकास को लेकर बात हुई है। एनर्जी के सेक्टर में समिट कर 3 लाख करोड़ का निवेश आ रहा है। आने वाले 5 साल में ऊर्जा के हर क्षेत्र में प्रोडक्शन को लेकर चर्चा हुई।

■ दो दिवसीय दिल्ली दौरे से लौटे मुख्यमंत्री



### कांग्रेस का जो हश्र होना है हुआ

कांग्रेस के पॉलिटिकल अफेयर की बैठक पर सीएम विष्णुदेव साय ने चुटकी लेते हुए कहा, कांग्रेस का जो हश्र होना था वो हुआ है।

### ट्रेनों के परिचालन पर संरक्षा सेमिनार

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियां एवं लोड का स्टेबलिंग, स्पैड से बचाव, ऑटोमेटिक सेक्शन में दिये जाने वाले प्राधिकार, ग्रीष्मकालीन सावधानियां सहित विभिन्न बिंदुओ पर चर्चा की गई। संरक्षा सेमिनार में सुरेश चन्द्र, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन/रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 2 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके।

निगम चुनाव में पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर लड़े थे पार्षद पद का चुनाव

## निर्दलीय पार्षद आकाश तिवारी की कांग्रेस में वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बागी होकर पार्षद का चुनाव लड़ने वाले निष्कासित कांग्रेस नेता आकाश तिवारी की पार्टी में वापसी हो गई है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट ने उन्हें फिर कांग्रेस में प्रवेश कराया। इस दौरान पीसीसी चीफ दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू मौजूद रहे।

नगर निगम जोन 4 क्षेत्र के पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड से नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर आकाश तिवारी ने बागी होकर पार्षद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा। इसमें उन्होंने जीत



हासिल की। आज उनकी कांग्रेस में वापसी हुई है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने उन्हें गमछा पहनाकर स्वागत किया। विदित हो, निवृतमान महापौर एजाज ढेबर की परिषद में आकाश तिवारी को पर्यावरण संस्कृति एवं विरासत संरक्षण विभाग का अध्यक्ष बनाते हुए एमआईसी में जगह मिली थी। श्री तिवारी ने अपने वार्ड की जन समस्या को समय-समय पर प्रमुखता से उठाया।

आकाश तिवारी की कांग्रेस में वापसी से अब रायपुर नगर निगम में कांग्रेसी पार्षदों संख्या बढ़कर 8 हो गई है। वहीं शहरी सरकार में निर्दलीय पार्षद सावित्री धीवर के भाजपा में प्रवेश के साथ ही भाजपा पार्षदों की संख्या बढ़कर 61 हो गई है। वहीं अब निर्दलीय पार्षद की संख्या 1 रह गई है। वामनराव लाखे वार्ड के निर्वाचित पार्षद बब्बी सोनकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर पार्षद बने हैं।

## राष्ट्रपति 24 को आएंगी, कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 24 मार्च को रायपुर प्रवास पर आएंगी। उनके आगमन व कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कलेक्टर गौरव सिंह बुधवार को राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों का निरीक्षण करने छत्तीसगढ़ विधानसभा पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति के कार्यक्रम की तैयारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक प्रबंधों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और सभी



व्यवस्थाएं तय मानकों के अनुसार पूरी की जाएं। कलेक्टर ने इस दौरान बैठक की, जिसमें यातायात नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रपति अपने प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत विधानसभा सत्र की समापित पर 'विधायकों को उद्बोधन' कार्यक्रम में शामिल होंगी।

## खबर संक्षेप



### नवनिर्मित शिव संकट मोचन मंदिर में पहुंचीं महापौर चौबे

**रायपुर।** साईं नगर जोरा स्थित नवनिर्मित शिव संकट मोचन मंदिर में बुधवार को महापौर मीनल चौबे पहुंची और भगवान शिव का दर्शन लाभ लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कॉलोनी और आसपास के पुरुष, महिलाएं और युवाओं के साथ-साथ बच्चें भी भाव विभोर दिखे। इस मौके पर साईं दर्शन आवासीय समिति के संरक्षक अनिल सिंह ने महापौर से साईं नगर को गोद लेकर सर्वांगीण विकास करने का जो अनुरोध किया, उसको महापौर द्वारा स्वीकार भी किया गया। साथ ही पार्षद दीपक जायसवाल एवं महापौर परिषद के सदस्य विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहे उनका भी सारगर्भित उद्बोधन से उपस्थित जनमानस प्रफुल्लित हुआ। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अमित सिंह, डॉ देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, छोटेलाल ठाकुर, वंदना बिसेन, द्रौपदी सूर्यवंशी, संतोष शर्मा, छगनलाल साहू, सुरेश सोनी, शंकर गायन, श्याम सुंदर राय और रूबी सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ का लहराया परचम




**रायपुर।** भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली (एनसीयूआई) द्वारा 29वां सहकारी शिक्षा और विकास में डिप्लोमा आनलाइन सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 12 सप्ताह आनलाइन व आफलाइन मोड पर 7 अक्टूबर से 22 दिसंबर 2024 तक किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर से 37 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विगत दिनों भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली द्वारा इस डिप्लोमा पाठ्यक्रम का परीक्षा परीणाम घोषित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ मर्यादित रायपुर द्वारा संचालित सहकारी प्रशिक्षण केंद्र के प्रभारी व्याख्याता राजेश कुमार साहू ने 82.60 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्री साहू द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ को गौरवान्वित किया है। सहकारी प्रशिक्षण केंद्र रायपुर के अन्य प्रभारी व्याख्याताओं में पुरुषोत्तम सोनी ने 76.80 प्रतिशत अंक के साथ दसवां स्थान प्राप्त किया और सुरेश कुमार पटेल ने 67.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

## निधन



### वीणा कामरा

**रायपुर।** अनुपम नगर निवासी वीणा कामरा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे रवि, समीर व मनीषा की माता जी थीं।

# यात्राओं का ऑफ सीजन, सामान्य हुआ विमानों का किराया, गोवा का टिकट 6 हजार में

## दिल्ली, मुंबई, कोलकाता सहित कई शहरों का सफर हुआ सस्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

परीक्षाओं का दौर चलने की वजह से अभी यात्रा करने वालों की संख्या कम है। इसका सीधा प्रभाव रायपुर से विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाले विमानों के किराए पर हुआ है। गोवा जैसे शहर जाने का टिकट भी छह हजार रुपए में मिल रहा है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता सहित अन्य शहरों का सफर भी छह से आठ हजार में पूरा हो रहा है। जिन शहरों के लिए एक या दो उड़ानों का संचालन होता है, वहीं का किराया अभी दस हजार से ऊपर है।

महाकुंभ के दौरान रायपुर से प्रयागराज जाने के लिए 20 हजार में भी टिकट मिलना मुश्किल था, मगर अब वहां का सफर आठ हजार में भी आसानी से पूरा हो रहा है। माह के अंतिम दिनों में यात्रा के लिए एक और फ्लाइट बढ़ने से यात्रियों को और राहत मिलने की संभावना है। अजय ट्रैवल्स के संचालक रमन जादवानी ने बताया कि अभी परीक्षाओं का दौर चल रहा है, जिसकी वजह से सैर-सपाटे के लिए जाने वालों की संख्या कम है। इसकी वजह से टिकटों के लिए मारामारी की स्थिति नहीं है और एयर फेयर भी सामान्य स्थिति में है।

रायपुर-गोवा की प्लाइट सामान्यतः फुल रहती है, मगर विभिन्न परीक्षाओं की वजह से यात्रा के लिए टिकट 6 हजार से कम में मिल रहा है। इसी तरह अन्य शहरों के टिकट की डिमांड अभी सामान्य है। अभी अप्रैल के दूसरे पखवाड़े तक यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना नहीं है, इसकी वजह से हवाई यात्रियों पर टिकट के लिए अतिरिक्त बोझ बढ़ने की संभावना नहीं है।

### छुट्टियों में बढ़ेगी भीड़

ट्रैवल एजेंट फेडरेशन आफ इंडिया के अध्यक्ष रमन जादवानी का कहना है कि अप्रैल के दूसरे पखवाड़े से गर्मी की छुट्टियां शुरू होंगी। इस दौरान लोग अपने परिवार के साथ घूमने-फिरने के लिए निकलेंगे। ठंडे राज्यों की ओर जाने वालों के साथ छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में छुट्टियां बिताने लोग दूसरे देशों की ओर जाते हैं। यहां से सीधी फ्लाइट नहीं होने की वजह से लोग महानगरों तक अपना सफर पूरा करते हैं।



### माह के अंतिम में नई फ्लाइट

माह के अंतिम दिनों में समर शेड्यूल लागू होगा। इस दौरान रायपुर से विभिन्न शहरों के लिए आवाजाही करने वाले उड़ानों में विमानों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। रायपुर से सर्वाधिक विमान का संचालन करने वाली इंडिगो इंदौर के लिए दूसरी फ्लाइट के साथ प्रयागराज, विशाखापट्नम और भोपाल के लिए भी अलग-अलग दिनों में नई उड़ान शुरू करने वाली है। इन फ्लाइट के लिए टिकटों की बुकिंग भी शुरू की जा चुकी है।

### किराया सामान्य

रायपुर-दिल्ली 6 से 7 हजार, मुंबई 7 हजार से 75 सौ, हैदराबाद 5000, कोलकाता 75 सौ से 12 हजार, इंदौर 8 हजार तथा पुणे का टिकट 75 सौ है। इसके अलावा कम फ्लाइट होने की वजह से बेंगलुरु का टिकट 10 से 11 हजार भोपाल की यात्रा 15 हजार में पूरी हो रही है।

# करोड़ों का घोटाला, बहाल होने वाले अफसर एक बार फिर सुर्खियों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जा चुके जल संसाधन विभाग के तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन अभियंता आलोक अग्रवाल के काले कारनामों का जिन्न एक बार फिर से बाहर आ गया है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर दागी अफसर को बचाने के आरोप लग रहे हैं। एसीबी तथा ईओडब्लू के अफसरों ने एक दशक पूर्व आलोक अग्रवाल की 30 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की थी। ईओडब्लू की कार्रवाई के बाद ईडी ने भी अफसर के खिलाफ मनी लांड्रिंग करने के आरोप में अपराध दर्ज किया और मामले की जांच कर रही है। भ्रष्टाचार के आरोप में आलोक अग्रवाल जेल जा चुके हैं। उन पर फर्जी विकलांगता सर्टिफिकेट हासिल कर जमानत लेने तथा प्रमोशन पाने के आरोप हैं।

- एक दशक पूर्व ईओडब्लू ने 30 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की थी

आलोक अग्रवाल के खिलाफ ईओडब्ल्यू और एसीबी ने वर्ष 2014 में कार्रवाई कर प्रकरण दर्ज किया और 2015 में एक अन्य प्रकरण में धारा 109,120 बी ,420,467, 468, 471 के अलावा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा में अपराध पंजीबद्ध किया था। इस मामले में बाद में ईडी ने भी अलग से प्रकरण दर्ज किया। लगभग चार साल से अधिक समय तक आलोक अग्रवाल जेल में बंद रहे। इसके बाद वर्ष 2018 में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद उन्होंने जैसे तैसे ईओडब्लू, एसीबी के केस में जमानत हासिल की। लेकिन ईडी के शिकंजे में फंस गए। बाद में उन्हें ईडी के केस से भी कोर्ट से जमानत लेनी पड़ी। बहाली के बाद वर्तमान में आलोक अग्रवाल प्रमोशन लेकर ईएनसी ऑफिस में बोधी में प्रभारी अधीक्षण अभियंता के पद पर कार्यरत हैं।

### लगभग चार साल से अधिक समय तक आलोक अग्रवाल जेल में बंद रहे



### गलत जानकारी देकर बहाली

आलोक अग्रवाल ने वर्ष 2021 में विभाग को गलत जानकारी देकर अपनी बहाली करवा ली। उन्होंने प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग को लिखित में बताया कि उनकी कभी गिरफ्तारी नहीं हुई और न जेल गए थे। इस आवेदन में उन्होंने सिर्फ वर्ष 2014 के प्रकरण का उल्लेख किया, लेकिन वर्ष 2015 के प्रकरण की जानकारी नहीं दी। उनके आवेदन को प्रमुख अभियंता ने जस का तस शासन को भेज दिया और आलोक अग्रवाल की बहाली हो गई।

### फर्जी विकलांगता प्रमाणपत्र देने के आरोप

आलोक अग्रवाल पर आरोप है कि उसने हाईकोर्ट से जमानत पाने वर्ष 1991 के 40 प्रतिशत, 1997 का 45 प्रतिशत, 25 फरवरी 2014 का 60 प्रतिशत तथा 26 अप्रैल 2018 तथा एक सितंबर 2021 का 71 प्रतिशत विकलांगता सर्टिफिकेट हाईकोर्ट में पेश कर गलत जानकारी देकर कोर्ट से जमानत हासिल की।

# आयोग के समक्ष पत्नी को भरण पोषण के लिए 5 लाख रुपए दिए

## बुआ सास एक माह के लिए भेजी गई नारी निकेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में बुधवार को सुनवाई के दौरान एक व्यक्ति को अलग रहने वाली अपनी पत्नी के भरण-पोषण के लिए पांच लाख रुपए की राशि एकमुश्त में देनी पड़ी। आयोग ने पूर्व सुनवाई में अनावेदक को राशि लेकर आने के निर्देश दिए थे। एक अन्य प्रकरण में दंपति के बीच झगड़ा का कारण बनने वाली बुआ सास को एक माह के लिए नारी निकेतन भेजने का फैसला सुनाया है।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने बताया कि उनकी कोर्ट में एक महिला ने शिकायत की थी कि वह पिछले कुछ वर्षों से पति से अलग रहती है। अलग रहने के कारण उसे अपना जीवन चलाना कठिन हो रहा है। भरण-पोषण के लिए उसके पति द्वारा कोई राशि भी नहीं दी जा रही है। आयोग ने इस प्रकरण में सुनवाई करते हुए अनावेदक को निर्देश दिए थे कि वह हर महीने पत्नी को खर्च के लिए रुपए दे या फिर एकमुश्त में 5 लाख रुपए दे। इस निर्देश के तहत पति आज पांच लाख रुपए लेकर सुनवाई में पहुंचा था और आयोग के समक्ष उसे पत्नी को दिए। आयोग ने इसके बाद दोनों को आपसी रजामंदी से तलाक लिए जाने की समझाइश दी।




### बुआ सास थी झगड़े की वजह सुधरने के लिए भेजा नारी निकेतन

आयोग में दंपति के बीच झगड़ा का मामला पहुंचा था। इस मामले में पत्नी ने शिकायत की थी कि उसका पति अपनी बुआ सास के भड़कावे में आकर उसके साथ शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। बुआ सास के कहने पर उसके पति ने उसके तीनों बच्चों को भी उससे छीन लिया है। आयोग ने सुनवाई में पति और उसकी बुआ सास को भी पेश होने कहा था। सुनवाई के दौरान महिला ने बताया कि बुआ सास के कारण उसका पति जेल भी जा चुका है, जो कुछ दिन पहले ही रिहा हुआ है। आयोग के पूछने पर पति ने भी इसे स्वीकार किया, जिसके बाद इस मामले में आयोग ने बुआ सास को इस झगड़े की असली वजह मानते हुए उसे सुधरने का मौका देते हुए एक माह के लिए नारी निकेतन भेजे जाने का आदेश दिया।

# राठौड़ ने संभाली सभापति की कुर्सी आतिशबाजी के साथ किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के नव निर्वाचित सभापति सूर्यकांत राठौर ने बुधवार को गांधी सदन पहुंचकर भूतल पर स्थित प्रथम पूज्य देव गणेश जी पूजा अर्चना की। गांधी सदन पहुंचते ही सभापति के स्वागत में जोरदार आतिशबाजी की गई। ढोल-ताशे के साथ बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता, पार्टी के नेता व नागरिकों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर सभापति सूर्यकांत राठौर को बधाइयां देने वालों का तांता लगा रहा।

- विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक रहे मौजूद

रमण मंदिर वार्ड पार्षद और नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर ने गांधी सदन के सभापति कक्ष में पहुंचकर सभापति की कुर्सी संभाली।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि सदन में जन समस्या को रखने सभी पार्षदों को बराबर मौका दिया जायेगा। शहर विकास के लिए सभी से सुझाव लेकर सदन को सुचारू रूप से चलाया जायेगा।



### इन्होंने दी बधाई

पदभार ग्रहण किये जाने पर उन्हें भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, उत्तर क्षेत्र विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, पूर्व विधायक देवजी पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, निवृतमान सभापति प्रमोद दुबे, पूर्व महापौर एजाज ढेबर, पूर्व निगम नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, पूर्व सभापति संजय श्रीवास्तव, निवृतमान एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, ज्ञानेश शर्मा, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, अवतार बागल, सरिता दुबे, अमर गिदवानी, नंदकिशोर साहू, महेंद्र खोडियार, पार्षद साधना-प्रमोद साहू, मुरल शर्मा, गज्जू साहू, छत्तीसगढ़ राज्य ब्रेवरेज कार्पोरेशन के पूर्व अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, राज्य कर्मकार मंडल पूर्व अध्यक्ष मोहन एंटी, अशोक पांडेय, राजीव अग्रवाल, छगन मूंदड़ा सहित निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने बधाई दी।

# वर्चस्व की लड़ाई के लिए नाबालिगों के गैंग आपस में भिड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के कविता नगर तथा ब्रिज नगर के नाबालिगों के दो गैंग वर्चस्व की लड़ाई के लिए आपस में भिड़ गए। नाबालिगों के बीच जमकर लात घूंसे चले। इस दौरान ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और नाबालिगों के परिजनों को थाने बुलाकर समझाइश दी।

- पुलिस ने परिजनों को बुलाकर दी समझाइश

वायरल वीडियो में एक दर्जन से ज्यादा नाबालिग एक दूसरे के साथ मारपीट करने के साथ कपड़े फाड़ते दिख रहे हैं। इस दौरान कुछ लड़के जमीन पर गिरते पड़ते दिखे। कविता नगर के रहवासियों ने पुलिस के पास लिखित में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि आसामाजिक तत्वों की वजह से महिलाओं का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। इस एरिया में लगातार असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। वहां से गुजरने वाली महिलाओं पर बदमाश कमेंट करते हैं, जिससे डर का माहौल बना रहता है।

## पेज 11 के शेष ...

### 147 करोड़ का लोन बकाया...

अब तक 147 करोड़ रुपए का ऋण बकाया है, जिसे वसूलने में विभाग नाकाम रहा है। ऋण की रिकवरी नहीं होने से केंद्र और राज्य सरकार ने विभाग को फंड जारी करना बंद कर दिया है, जिसके कारण वर्तमान में बैंक प्रवर्तित योजना के तहत अंत्योदय स्वरोजगार और आदिवासी स्वरोजगार योजना ही संचालित है। सूत्रों के अनुसार इन दोनों योजनाओं के लिए भी एक वर्ष पहले फंड जारी किया था। इसी फंड के सहारे दोनों योजनाएं वर्तमान में जीवित हैं। अंत्यावसायी विभाग निगम का गठन अनूसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, और सफाई कामगारों के आर्थिक विकास के लिए किया गया था। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय और राज्य की विभिन्न योजनाओं के जरिए इन वर्गों के लोगों को स्वरोजगार के लिए रियायत ब्याज दर पर वित्तीय सहायता दिलाकर स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य किए जा रहे थे। ***राष्ट्रीय अल्पसंख्यक वर्ग की योजना भी 4 वर्ष से बंद :*** इस योजना के तहत टर्म लोन एवं शिक्षा के लिए 50 हजार रुपए से लेकर ढाई लाख रुपए तक ऋण देने का प्रावधान है। यह योजना भी 5 वर्ष की है, जिसमें ब्याज दर 6 प्रतिशत निर्धारित है। यह योजनाएं भी पिछले 4 वर्ष से बंद हैं। ***सफाई कामगार वर्ग की योजना भी बंद :*** राष्ट्रीय सफाई कामगार वर्ग योजना के तहत माइक्रो क्रेडिट, महिला समृद्धि, महिला अधिकारिता, व्यक्तिमूलक एवं मालवाहक ऑटो रिक्शा योजनाएं संचालित की जा रही थी। इन योजनाओं के तहत 30 हजार रुपए से लेकर 5 लाख रुपए तक ऋण 4 से 6 प्रतिशत तक ब्याज दर पर दिया जाता है। इनमें शुरू की तीन योजनाएं ढाई वर्ष और आखरी की दो योजनाएं 5 वर्ष की है। ये सभी योजनाएं भी 4 वर्ष से बंद हैं। ***राज्य की मिनीमाता स्वावलंबन योजना 7 वर्ष से बंद :*** राज्य की योजनाओं में मिनीमाता स्वावलंबन योजना पिछले 7 वर्ष से बंद है। 4 प्रतिशत ब्याज दर पर इस योजना के तहत 5 वर्ष के लिए 2 लाख रुपए तक ऋण दिया जाता है। इस योजना में हितग्राही लगातार 3 वर्ष तक नियमित ऋण की किस्त जमा करने पर 75 प्रतिशत प्रोत्साहन लाभ भी दिया जाता है। **अधिकारी-कर्मचारियों की संख्या भी 300 से घटकर 100 हुई :** अंत्यावसायी विभाग निगम के गठन के बाद वर्ष 2013 में सभी जिला कार्यालयों में 3 सौ की संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। इनमें से कई कर्मचारी रिटायर हो गए हैं, कईयों की मौत हो गई, वहीं कई कर्मचारियों को दूसरे विभागों में अटैच कर दिया गया है। इस तरह वर्तमान में अब करीबन 100 अधिकारी-कर्मचारी ही इन विभागों में कार्यरत हैं। ***गाड़ियां बांटी गईं वह भी खराब होकर कंडम हो चुकीं :*** भर्ती के बाद सभी जिलों में विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए शासन द्वारा चारपहिया एवं दोपहिया गाड़ी सुविधा भी मुहैया कराई गई थी। इनमें प्रमुख सात जिलों में चार पहिया एवं शेष जिलों में दोपहिया वाहन मुहैया कराया गया था। ***निगम को दूसरे विभाग में मर्ज करने की तैयारी :*** 147 करोड़ का लोन अभी तक रिकवरी नहीं किया गया है। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने भी राज्य सरकार को इस विभाग अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय योजनाओं के लिए फंड देना बंद कर दिया है। इधर राज्य द्वारा संचालित योजनाएं भी बकाया लोन राशि के रिकवरी नहीं होने से बंद होने के कगार पर हैं। इसे देखते हुए सूत्रों से ऐसे संकेत मिले हैं कि शासन स्तर पर अब अंत्यावसायी समिति को आदिमजाति विकास विभाग में मर्ज करने की तैयारी की जा रही है। हालांकि विभाग के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

### 19 लाख का गबन, दैवेभो के...

करवाई है। क्षेत्रीय कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग अपर संचालक डॉ.किरण ने एफआईआर दर्ज करवाई है। वित्तीय अनियमितता और शासकीय पैसों के गबन का आरोप लगाया गया है। आरोपी के खिलाफ सरस्वती नगर थाना में यह एफआईआर हुई है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बैठायी गई जांच कमेटी की रिपोर्ट में सामने आए तथ्यों के आधार पर यह एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसमें वित्तीय अनियमितताओं तथा शासकीय पैसों के गबन जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

### पानी उतरा 100 फीट नीचे...

मार्च अंतिम सप्ताह से किराये के टैंकरः शहर के जल संकट प्रभावित इलाकों में मार्च के अंतिम सप्ताह से नगर निगम किराये के टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझायेगा। इसके लिए वार्डों पार्षदों से जल संकट प्रभावित इलाकों की सूची मंगाई गई। जरूरत के हिसाब से जोनवार किराये के टैंकर उपलब्ध कराने की तैयारी है। पूर्व के सालों में 15 अप्रैल से शहर में किराये के टैंकर के फेरे शुरू होते थे। इस बार मार्च में ही किराये के टैंकर की जरूरत पड़ रही है। ***जलसंकट के संभावित क्षेत्र :*** जल विभाग के अधिकारियों ने शहर के जल संकट संभावित क्षेत्रों की सूची तैयार की है। इसमें कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के द्वारिका विहार गली नंबर 1, दलदल सिवनी बीएसयूपी, बैरागी बीएसयूपी, कचना हाउसिंग बोर्ड ब्लाक 1-25, कचना बीएसयूपी, खम्हारडीह क्षेत्र, यादव मोहल्ला, ब्राम्हणपारा वार्ड सोहागा मंदिर के पीछे का क्षेत्र, सदर बाजार वार्ड में तेलीपारा, नयापारा, बूढ़ापारा के विभिन्न स्थान। सिविल लाइन वार्ड में आकाशवाणी कालोनी उत्कल बस्ती, जोगी नगर, शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड में बृजनगर, महामाया मंदिर वार्ड - परशुराम नगर, प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 2 आदि क्षेत्र प्रभावित हैं।

### सरकारी अस्पताल दे रहे...

आउटसोर्सिंग के माध्यम से 24 घंटे जांच मुहैया कराई जा रही है। चिकित्सकों की मानें, तो अंदरूनी चोटें और बीमारी की गंभीरता का पता लगाने के लिए एमआरआई और सीटी स्कैन की जांच कराई जाती है। निजी अस्पताल अथवा डायग्नोसिस लैब में इसके लिए मरीजों से पांच से पंद्रह हजार रुपए तक वसूला जाता है, जबकि दोनों सरकारी अस्पताल में यह काम डेढ़ से पांच हजार के खर्च में पूरा हो जाता है। आंबेडकर अस्पताल में मरीजों का अत्याधिक बोझ होने की वजह से दूसरे स्थानों से आने वाले जरूरतमंदों को इसका अधिक लाभ नहीं मिल पाता। दूसरी ओर डीके अस्पताल में आने वाले मरीजों के अलावा बाहर से आने वालों को भी जांच की सुविधाएं दी जाती हैं, मगर जानकारी के अभाव में मरीज इनका ज्यादा लाभ नहीं उठा पाते।

### शपथ-पत्र (नाम परिवर्तन)

मैं श्रीमती रिंकी देवी, पति श्री नरेन्द्र मंडल, निवासी-ए-47, अशोक विहार कॉलोनी, रिंग रोड नंबर-2, गोंदवारा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) का निवासी हूँ, जो निम्नकथन शपथपूर्वक करती हूँ:-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मेरे पुत्र के आधार कार्ड (7751 1769 4800) में उनका नाम यश कुमार (**YASH KUMAR**) एवं उनका जन्म दिनांक 02.02.2012 दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है।
3. यह कि, मेरे पुत्र के अन्य दस्तावेजो में उनका नाम अंश कुमार (**ANSH KUMAR**) है और उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है, जो कि सत्य एवं सही है।
4. यह कि, मेरे पुत्र के अन्य दस्तावेजों में अंकित नाम के अनुसार उनके आधार कार्ड में सही नाम अंश कुमार (**ANSH KUMAR**) दर्ज करने के जन्म दिनांक 27.03.2012 दर्ज करने के हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है। **शपथकर्ता**

**: सत्यापन :**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करती हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 में वर्णित सारी बातें स्वयं की जानकारी से सही एवं सत्य है, जिस पर आज दिनांक 20-11-2024 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दी।

रायपुर, छत्तीसगढ़ **शपथकर्ता**

### आम सूचना

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि विक्रेतागण- नरेन्द्र कुमार वर्मा, विजेन्द्र कुमार वर्मा, रोहिणी वर्मा तीनो पिता - श्री नारायण प्रसाद वर्मा तीनो निवासी-शांति विहार कालोनी, डंगनिया रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम रायपुरा पटवारी हल्का नंबर- 00057 रा.नि.मं रायपुर-1 रायपुरा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित भूमि खसरा नं - 655/15 रकबा 0.0380हे. को विक्रय करने का सौदा पक्का कर अग्रिम प्रतिफल राशि क्रेता के द्वारा विक्रेतागण को अदा कर दिया गया है। उक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन शेष है।

यह कि उक्त सौदे के संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, इत्यादि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मय सुसंगत दस्तावेज मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है बाद म्याद गुजर जाने पर की गई उजर आपत्ति, या दावा अमान्य अवैध व शून्य होगी, मेरा पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा, पंजीयन करवा लेगा। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग. दिनांक 19/3/25

**भवदीय**

**धीरज धनगर, भावना राणा, हुलास चन्द्राकर, नेहा प्रधान, वैभव भेलावे**
**अधिवक्तागण**
**आफिस- सी-33, सेक्टर-2, अवधपुरी कालोनी भाठागांव, रायपुर छ.ग., मो 98261-72138**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर**

### आम सूचना

**जारी दिनांक .../..../2024**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष पिता/पति कोदूराम सिंहा निवासी मंदिर हसौद छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 156/8, 156/15 रकबा 0.361, 0.105 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 28/06/2024 के परिपालन में दिनांक 17/04/2025 को समय 01 बजे पश्चात मेरे/गठित दल द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

# जामा मस्जिद कमेटी ने पुष्पगुच्छ देकर किया अभिनंदन



**रायपुर।** शहर जामा मस्जिद ट्रस्ट, हलवाई लाइन रायपुर के मुतवल्ली व समस्त पदाधिकारियों ने बुधवार को रायपुर नगर निगम के नवनिर्वाचित सभापति सूर्यकांत राठौर के पद ग्रहण करने के अवसर पर पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इसमें जामा मस्जिद ट्रस्ट के मुतवल्ली हाजी अब्दुल फहीम, नायब मुतवल्ली हाजी जिया कुरैशी, हाजी कमाल अहमद खजांची, मो. शाहिद व बिलाल आबिद व ट्रस्ट के अन्य सदस्य मौजूद थे।



खबर संक्षेप



## अंतरिक्ष यात्री सुनीता को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारतीय मूल की प्रसिद्ध अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को उनके ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन की सफल समाप्ति और पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा, यह असाधारण अभियान सुनीता विलियम्स के धैर्य, साहस और विज्ञान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की अद्भुत मिसाल है, जो पूरे विश्व के लिए प्रेरणादायी है। नभ के पार गई नारी ने धैर्य को अपना हथियार बनाया और साहस, संकल्प एवं स्वाभिमान से नव इतिहास रच दिया।

## ललित जैसिंघ नहीं लड़ेंगे चुनाव थौरानी को दिया समर्थन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के त्रैवार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को नामांकन फार्म लेने के अंतिम दिन तक 105 नामांकन फार्म बिके हैं। अध्यक्ष पद के लिए 3, महामंत्री पद के लिए 2 और कोषाध्यक्ष के लिए 2, जिला उपाध्यक्ष के लिए 51 और जिला महामंत्री के लिए 47 फार्म लिये गये। चैंबर ऑफ कामर्स के चुनाव में एक बात आज देखने को मिली 24 घंटे पहले प्रदेश अध्यक्ष पद का चुनाव के लिए नामांकन फार्म खरीदने वाले ललित जैसिंघ ने अपना समर्थन संयुक्त पैनल के प्रत्याशी सतीश थौरानी को दे दिया। सूत्रों के मुताबिक वे अब अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे।

## उरकुरा मे श्रीमद भागवत कथा शुरू



**रायपुर ।** उरकुरा भवानी शंकर मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजक सर्व विंध्य समाज द्वारा किया जा रहा है जिसमें आयोजकों ने बताया कि यह कथा 18 मार्च से 25 मार्च तक चलेगी, जिसमें कथा शुरू होने से पहले भव्य कलश यात्रा के साथ बड़ी शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए। यह शोभा यात्रा हर्षित विहार उरकुरा से बाजार चौक शीतला मंदिर से होते हुए कथा स्थल में स्थापना की गई इस कथा की व्याख्या रामललाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से की जा रही है कथा के पश्चात महाराज ने जगत जननी मां बंजारी से आशीर्वाद लेने पहुंचे।

## गुढ़ियारी थाना प्रभारी का किया सम्मान



**रायपुर।** होली में शांति व्यवस्था बनाने के लिए पत्रकार साथियों द्वारा बुधवार को गुढ़ियारी थाना के प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा एवं पूरे टीम का सम्मान किया गया।

# बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाने पर फोकस, सॉफ्ट कॉपी से पहले प्रिंटेड किताबें ताकि ना हो पायरेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के सीबीएसई से संबंद्ध विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नई किताबों से छात्रों को अध्ययन कराया जाएगा। एनसीईआरटी ने सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 4, 5, 7 और 8 के लिए नई पाठ्य पुस्तकों की घोषणा की है। नवीन पाठ्य पुस्तकों के जरिए बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाने पर ज्यादा फोकस किया जाएगा।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा इन नवीन पाठ्यपुस्तकों का निर्माण कार्य बीते वर्ष ही प्रारंभ कर दिया गया था। एनसीईआरटी के अनुसार, इन पुस्तकों का उद्देश्य नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा में सुधार और समानता लाना है। एनसीईआरटी ने न्यू सेशन में आने वाली नई किताबों का शेड्यूल जारी कर दिया है। बाल वाटिका के साथ-साथ क्लास 1, 2, 3 और 6 की नई किताबें पिछले सेशन में ही आ चुकी हैं। सेशन 2025-26 में चार और क्लासेज की नई किताबें तैयार की गई हैं। स्कूलों को अब नई किताबों से ही अध्यापन कार्य कराना होगा। सत्र प्रारंभ होने से पूर्व ही ये छात्रों को उपलब्ध करवा दी जाएंगी।

### शैक्षणिक सत्र 2025-26 में चार कक्षाओं के लिए नई पाठ्य पुस्तकें

#### शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स

सीबीएसई की ओर से कहा गया है कि कक्षा 5वीं, 7वीं और 8वीं की नई किताबें लागू करने से पहले एक अप्रैल से ब्रिज कोर्स जरूर करवाया जाए, जिससे नए कोर्स की पढ़ाई में किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। स्कूल टाइमटेबल इस तरह से तैयार हो कि आर्ट्स, फिजिकल एजूकेशन, वोकेशनल एजूकेशन जैसे विषयों को दूसरे विषयों के साथ जोड़ा जाए। 5वीं और 6वीं कक्षा के लिए 30 दिनों का ब्रिज कोर्स होगा। 8वीं के लिए 45 दिनों का कोर्स होगा। नई किताबों में कंटेंट कम किया गया है, एक्टिविटीज बढ़ाई गई हैं। किताबों में प्रेजेंटेशन इस तरह का है कि छात्र आसानी से विषय को समझ सकें।



फाइल फोटो

#### निजी प्रकाशक कर रहे कॉपी

इस बार पायरेसी की समस्या से निपटने के लिए एनसीईआरटी ने तय किया है कि सॉफ्ट कॉपी से पहले ही प्रिंटेड किताबें जारी हो जाएंगी। जिससे कोई इनकी नकल न कर सके। बीते सत्रों में एनसीईआरटी द्वारा पहले सॉफ्ट कॉपी जारी कर दी गई थी। कई निजी प्रकाशकों ने इसे कॉपी कर अपने प्रकाशन तले अधिक कीमतों में इसे मार्केट में उतारा। इसे देखते हुए एनसीईआरटी द्वारा इस बार पहले प्रिंटेड कॉपी बाजार में उतारी जाएगी, इसके बाद सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी।

## एक एमएल इथोर्फीन से 30 हजार लोगों की मौतें हो सकती है

# जंगल सफारी में मार्फीन से तीन हजार गुना ज्यादा घातक इथोर्फीन के स्टॉक में हेराफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारनवापारा से गुरु घासीदास नेशनल पार्क शिफ्ट किए जा रहे बायसन की एक्सपायरी डॉट से मौत का मामला सुलझा ही नहीं है। सफारी के डॉक्टर राकेश वर्मा के खिलाफ मार्फीन से तीन हजार गुना ज्यादा घातक इथोर्फीन के लाइसेंस नियमों के विपरीत इस्तेमाल करने के साथ ही स्टॉक में गड़बड़ी करने के आरोप लग रहे हैं। इस बात की शिकायत पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ के पास की गई है।

इथोर्फीन का इस्तेमाल हाथी, वनभैंसा जैसे बड़े वन्यजीवों को बेहोश करने के लिए किया जाता है। हाथी तथा वनभैंसा को बेहोश करने इथोर्फीन की महज 1.3 तथा 0.8 मिलीलीटर दवा का इस्तेमाल किया जाता है। इथोर्फीन मादक-द्रव्यों एवं मनोउत्तेजक पदार्थ अधिनियम के तहत अधिसूचित ड्रग है और बिना लाइसेंस के इसे प्राप्त कर उपयोग करना और लाइसेंस होने पर शर्तों का पालन नहीं करना अपराध की श्रेणी में आता है। इसके बारे में कहा जाता है कि इसे सूंघने से या चमड़ी पर गिरने से भी मानव की मौत हो सकती है। यह दवा अफ्रीका से आयत की जाती है।

#### इस तरह स्टॉक में गड़बड़ी के आरोप

इथोर्फीन का लाइसेंस जंगल सफारी के डायरेक्टर के नाम है। लाइसेंस शर्तों के अनुसार इथोर्फीन का उपयोग जंगल सफारी में करना था। इसके साथ ही उक्त दवा के उपयोग करने के लिए डॉक्टर को लिखित में प्रिसक्रिप्सन सफारी के डायरेक्टर को देना होता है। प्रिसक्रिप्सन को सफारी के डायरेक्टर को अपने रिकार्ड में रखना होता है। डॉक्टर पर आरोप है कि उसने सफारी के डायरेक्टर को बगैर प्रिसक्रिप्सन के इथोर्फीन जंगल सफारी से बाहर मानस नेशनल पार्क में तथा बायसन को बेहोश करने साथ ले गया।

### इथोर्फीन इस्तेमाल करने लाइसेंस का गलत इस्तेमाल करने का आरोप

#### ड्रग कंट्रोलर को क्वार्टरली रिपोर्ट

इथोर्फीन सहित अन्य घातक दवाओं की ड्रग कंट्रोलर को क्वार्टरली रिपोर्ट देने का नियम है। इथोर्फीन सहित अन्य घातक दवाओं की जंगल सफारी प्रबंधन ने ड्रग कंट्रोलर को क्वार्टरली रिपोर्ट दी है या नहीं, यह जांच का विषय है। रिपोर्ट नहीं देना अपराध की श्रेणी में आता है।



वन्यजीवों को बेहोश करने से लेकर होश में लाने के लिए कालातीत दवाओं का किया जा रहा उपयोग

*आबकारी विभाग ने नहीं दी अनुमति :* बारनवापारा से गुरु घासीदास नेशनल पार्क में 40 बायसन शिफ्ट करने का प्लान बना। बायसन को ट्रैंक्यूलाइज करने इर्थोफीन के इस्तेमाल करने रायपुर आबकारी उपायुक्त से अनुमति मांगी गई, जिसे आबकारी उपायुक्त ने खारिज कर दिया। आबकारी उपायुक्त ने कारण बताते हुए कहा कि इथोर्फीन का इस्तेमाल करने का लाइसेंस जंगल सफारी के लिए है। इसीलिए वे किसी दूसरी जगह दवा का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दे सकते।

#### एक साथ 30 हजार लोगों की हो सकती है मौत

इथोर्फीन इतना घातक है कि उसके एक एमएल दवा से 30 हजार लोगों की मौत हो सकती है। जानकारों के अनुसार नशे के सौदागर इथोर्फीन का इस्तेमाल घातक किस्म के ड्रग बनाने के लिए करते हैं। ब्लैक मार्केट में इथोर्फीन की कीमत लाखों में है।

#### जानकारी मंगाई जा रही

इथोर्फीन के इस्तेमाल करने क्या प्रोटोकॉल है, इसकी जानकारी मंगाई जा रही है। जानकारी मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**- सतोविशा समाजदार,** सीसीएफ वाइल्ड लाइफ

#### उपयोग जंगल सफारी परिसर में हो सकता है

लायसेंस शर्तों के अनुसार ड्रग का उपयोग सिर्फ जंगल सफारी परिसर में हो सकता है, तब डॉक्टर को ड्रग जंगल सफारी से बाहर असम और दूसरे जिलों में ले जाने का आदेश क्यों दिया गया। वर्ष 2020, 2023 में अतिरिक्त खपत बताई गई शेष दवा कहां गई, इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।

**- नितिन सिंघवी,** वन्यजीव प्रेमी

#### स्टॉक में गड़बड़ी करने के आरोप

वर्ष 2019-20 में वन विभाग के पास छत्तीसगढ़ में इथोर्फीन और ऐसे अन्य ड्रग रखने और उपयोग में लाने का कोई लाइसेंस नहीं था। फिर भी दुधावा टाइगर रिज़र्व से और भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून से जनवरी और फरवरी 2020 में 10 मिलीलीटर इथोर्फीन मंगाया गया। इसके बाद फरवरी 2020 में वन विभाग ने असम के मानस टाइगर रिज़र्व में छत्तीसगढ़ लाने के लिए दो वन भैंसे पकड़े। एक वन भैंसे को पकड़ने में अधिकतम 0.8 एमएल इथोर्फीन लगता है। इस प्रकार दो वन भैंसों के लिए कुल 1.6 एमएल दवा की जरूरत थी। स्टॉक रजिस्टर से असम से 2020 में वन भैसा पकड़ने के नाम से 7.8 एमएल इथोर्फीन निकालना बताया गया। इस प्रकार 6.2 एमएल की खपत ज्यादा बताई गई। असम में उपयोग की गई 7.8 एमएल दवा के उपयोग के बारे में बताया गया कि उपयोग की गई औषधि से संबंधित जानकारी मानस टाइगर रिजर्व असम के पास है।

# आईटी सर्वे में 10 कारोबारियों के 236 करोड़ रुपए की अघोषित आय उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- आयकर विभाग ने कारोबारियों को 31 मार्च के पूर्व अग्रिम टैक्स जमा करने कहा

आयकर विभाग ने पिछले 11 महीने में 10 कारोबारियों के यहां सर्वे कर 236 करोड़ रुपए की अघोषित आय उजागर की है। आईटी ने यह कार्रवाई वित्तीय वर्ष 2024-25 में की है। इनमें सराफा, रेलवे ठेकेदार, अस्पताल और कोलवाशरी संचालकों के ठिकाने शामिल हैं।

आयकर अफसरों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक धारा 133 ए के सर्वे की कार्रवाई रायपुर में 5 बिलासपुर में 2, राजनांदगांव, धमतरी और अंबिकापुर के 1-1 कारोबारी ठिकानों में की गई है। उक्त सभी फर्म के संचालक अपनी नियमित आय के साथ ही सर्वे के दौरान मिली अघोषित आय के साथ ही अग्रिम टैक्स जमा करवा रहे हैं। यह सभी कार्रवाई मुख्य आयकर आयुक्त (सीसीआईटी) अपर्णा करण के निर्देश पर की गई है। मुख्य आयकर आयुक्त के अनुसार करदाताओं के समय पर भुगतान को सुगम बनाने के लिए अग्रिम कर भुगतान एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 208 के तहत, यदि किसी व्यक्ति की अनुमानित कर देयता एक वित्तीय वर्ष में 10 हजार रुपए या उससे अधिक होने पर अग्रिम कर का भुगतान करना अनिवार्य है। समय पर इसके जमा करने पर करदाता को धारा 234 बी एवं 234 सी के तहत लगने वाले ब्याज से बचाव होता है।

#### अतिरिक्त देनदारी से बचाव

करदाता अग्रिम कर न जमा करके, स्व-मूल्यांकन कर के रूप में टैक्स का भुगतान करते हैं। यह वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद होता है। 31 मार्च तक किया गया कर भुगतान भी अग्रिम टैक्स के रूप में देने पर करदाता अतिरिक्त ब्याज की देनदारी से बच सकते हैं। स्व मूल्यांकन कर का भुगतान करने से ब्याज देय होता है, जबकि अग्रिम टैक्स समय पर भुगतान करने से यह अतिरिक्त लागत बचाई जा सकती है। करदाताओं से स्व-मूल्यांकन कर के स्थान पर 31 मार्च से पहले ही अग्रिम टैक्स का भुगतान करने कहा गया है। बता दें कि राज्य के सभी करदाता चालू वित्तीय वर्ष में अग्रिम टैक्स का 100 फीसदी भुगतान 31 मार्च तक करने कहा गया है।

# खून से खत लिखेंगे बीएड शिक्षक अब तक रिपोर्ट नहीं सौंप सकी कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- समायोजन की मांग लेकर 97 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं बीएड शिक्षक
- निगम चुनाव के पहले बनी थी कमेटी, अब तक कोई फैसला नहीं

समायोजन की मांग को लेकर पिछले 97 दिनों से तूता धरना स्थल पर बैठे बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक अपने खून से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम पत्र लिखेंगे। प्रदर्शन के 98वें दिन अर्थात 20 मार्च को यह खत लिखा जाएगा। बीएड शिक्षकों का कहना है कि उनके द्वारा कई तरह के प्रदर्शन किए जा चुके हैं। इसके बाद भी सरकार द्वारा अब तक उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया। अपनी पीड़ा से शासन को अवगत कराने के लिए अब खून से खत लिखने का निर्णय लिया गया है। महिला शिक्षक भी इसमें शामिल रहेंगी। इसके पूर्व मुंडन, जलसमाधिक, पैदल मार्च, दंडवत यात्रा सहित कई प्रकार से विरोध-प्रदर्शन किया जा चुका है।

गौरतलब है कि प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षकों के 3 हजार पदों पर बीएड शिक्षकों को नियुक्ति प्रदान की गई थी। बाद में न्यायालय के आदेश के बाद प्राथमिक कक्षाओं में बतौर शिक्षक डीएलएड शिक्षकों को ही नियुक्त करने निर्देश दिए गए। नए निर्देश के बाद नौकरी से निकाले गए बीएड डिग्रीधारी शिक्षक अब समायोजन की मांग कर रहे हैं।



#### डीएलएड शिक्षकों की नियुक्ति प्रारंभ

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जनवरी की शुरुआत में जिला शिक्षा अधिकारियों को खत लिखकर डीएलएड शिक्षकों को नियुक्ति देने आदेश जारी किया गया था। इसके बाद डीएलएड अभ्यर्थियों की मेरिट आधार पर भर्ती सूची जारी की गई। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश दिए जाने के लगभग दो माह पश्चात डीएलएड शिक्षकों की नियुक्ति का दौर प्रारंभ हो गया है। मार्च माह तक यह प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

#### चुनाव के पहले बनी थी कमेटी

बीएड शिक्षकों के उग्र होते प्रदर्शन को देखते हुए शासन ने कमेटी बनाई थी। नगर निगम चुनाव के पहले यह कमेटी बनाई गई थी। कमेटी को शिक्षकों के समायोजन विकल्पों पर विचार करते हुए शासन के समक्ष अपना प्रस्ताव पेश करना था। शिक्षकों की योग्यता, शिक्षा विभाग में रिक्त पदों की स्थिति के आधार पर समायोजन विकल्प पेश किए जाने थे। कमेटी द्वारा अब तक कोई भी प्रस्ताव पेश नहीं किए जा सके हैं। आंदोलनरत शिक्षकों ने अपने किसी प्रतिनिधि को कमेटी में रखे जाने की भी मांग उस दौरान की थी।

# अप्रैल से नई व्यवस्था के तहत संचालित होंगे ई-रिक्शा, ऑटो

- किस इलाके में कितना ई-रिक्शा, ऑटो की डिमांड, ट्रैफिक पुलिस करा रही सर्वे
- शहर में 22 हजार ऑटो, ई-रिक्शा अलग-अलग मार्गों में संचालित हो रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की सड़कों को ऑटो के दबाव से मुक्त करने ट्रैफिक पुलिस ऑटो संचालित करने अप्रैल से नई व्यवस्था लागू करने जा रही है। नई व्यवस्था अप्रैल मध्य या माह के अंत में लागू हो सकती है। किस एरिया में कितने यात्रियों का दबाव है और वहां पूरे दिन कितने ऑटो का दबाव रहता है, ट्रैफिक पुलिस इसके लिए सर्वे कराने का काम कर रही है।

ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर के मुताबिक शहर को चार जोन में बांटकर ऑटो संचालित करने प्रस्तावित योजना के तहत ऑटो चालकों से अगले सप्ताह से आवेदन मंगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही ऑटो चालकों के लिए आई कार्ड बनाने के साथ ही किस जोन में कौन सा ऑटो चलाया जाएगा, इसकी पहचान के लिए स्टीकर तैयार कराया जा रहा है। ऑटो चालकों को यूनिक आईडी दिया जाएगा, जिसमें उनके बारे में डिटेल जानकारी होगी।

#### बेतरतीब ऑटो पर लगाम लगने का दावा

ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के मुताबिक वर्तमान में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित शहर के कई ऐसे व्यस्त मार्ग हैं, जहां जरूरत के हिसाब से बेतरतीब तरीके से दो से ढाई गुना ऑटो का जमावाड़ा रहता है। सिस्टम बन जाने के बाद व्यवस्थित तरीके से ऑटो का संचालन होगा। इससे सभी ऑटो वालों को सवारियां मिलेंगी।



#### व्यस्त मार्गों का चयन

ऑटो संचालित करने शहर को चार अलग-अलग जोन में बांटा गया है। अलग-अलग जोन के मार्गों में ऑटो के दबाव के बारे में ट्रैफिक पुलिस के अफसर सर्वे के माध्यम से जानकारी जुटा रहे हैं। इसके बाद जोन में ऑटो के दबाव के आधार पर संबंधित क्षेत्र में जरूरत के हिसाब से ऑटो की संख्या निर्धारित कर ऑटो चालकों को अनुज्ञप्ति जारी की जाएगी।

#### पहले आओ, पहले पाओ का सिस्टम

अफसर के अनुसार अपने मन पसंद एरिया में ऑटो चलाने के इच्छुक ऑटो चालकों के लिए पहले आओ पहले पाओ का सिस्टम लागू किया जाएगा। इस सिस्टम के अनुसार पसंदीदा जोन में ऑटो चलाने के इच्छुक ऑटो चालक को ट्रैफिक पुलिस में आवेदन करना होगा। पसंदीदा जोन में ऑटो चलाने अनुमति चाहने वाले ऑटो चालक को पहले आवेदन लगाना होगा। तभी उस ऑटो चालक को अपने पसंदीदा जोन में ऑटो चलाने अनुज्ञप्ति मिल पाएगी।

#### प्रक्रिया चल रही

शहर को चार जोन में बांटकर ऑटो संचालित करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए लोगों से सुझाव मंगाए जा रहे हैं। अप्रैल के मध्य तक नई व्यवस्था के तहत ऑटो का संचालन शुरू हो सकता है।

**- सतीश ठाकुर,** ट्रैफिक डीएसपी

## गर्मी से थोड़ी राहत, दोपहर बाद कई हिस्सों में छाए बादल, आज अंधड़ की संभावना

**रायपुर।** बंगाल की खाड़ी से हवा के साथ आने वाली नमी के प्रभाव से प्रदेश का अधिकतम पारा 2 डिग्री तक कम हो गया है। इसकी वजह से तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। बुधवार को दोपहर बाद कई हिस्सों में बादल छाने के साथ तेज गति से हवा चली है। गुरुवार को मौसम के बदलाव का प्रभाव सरगुजा और बिलासपुर में नजर आने की संभावना है।मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक बुधवार को दोपहर कांकेर जिले में बादल छाने के साथ कुछ क्षेत्र में तेज हवा चलने के साथ छींटें भी पड़े है। इसी तरह का प्रभाव धमतरी के भी कुछ इलाकों में पड़ा है। अनुमान है कि बदले मौसम का स्पष्ट असर गुरुवार को सरगुजा और बिलासपुर जिले के शहरों में दिखाई पड़ेगा।

**पाठक सूचना**

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**

### बिजनेस साइट

## कलिंगा विश्वविद्यालय ने गुजरात के वडोदरा में एआईयू वुडबॉल चैंपियनशिप 2024-25 में स्वर्ण पदक जीता



**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय की वुडबॉल टीम ने पारुल विश्वविद्यालय, वडोदरा, गुजरात में आयोजित एआईयू वुडबॉल चैंपियनशिप 2024-25 में शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में टीम ने अपनी उत्कृष्टता का परिचय देते हुए मिश्रित युगल स्पर्धा में स्वर्ण पदक और महिला टीम स्ट्रोक श्रेणी में कांस्य पदक जीते। कलिंगा विश्वविद्यालय के एथलीटों के साथ इस चैंपियनशिप में डॉ. संजीव कुमार यादव (सहायक प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा संकाय) और अनामिका शुक्ला (सहायक, खेल विभाग) भी थे, जिनका मार्गदर्शन खेल निदेशक डॉ. डी. कालीदोस ने किया।

## आरडीए की सरचार्ज राशि में छूट 31 मार्च तक

**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) की योजनाओं के आवंटियों को अब सरचार्ज राशि में छूट का लाभ मिलने लगा है। इसके साथ ही आवंटिती अपनी किस्तों की संपूर्ण राशि एक साथ जमा करने लगे हैं, जिससे उन्हें न सिर्फ लाभ मिल रहा है, बल्कि वे अपनी बचत भी कर पा रहे हैं।

प्राधिकरण के संचालक मंडल के पूर्व निर्णय के अनुसार 31 मार्च 2025 तक पुरानी आवासीय योजनाओं में एकमुश्त बकाया का भुगतान करने पर 50 प्रतिशत और पुरानी योजनाओं के व्यावसायिक योजनाओं के सरचार्ज राशि में 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों में किस्तों के सरचार्ज पर 50 प्रतिशत तथा कौशल्या माता विहार और इन्द्रप्रस्थ रायपुरा के प्रधानमंत्री आवास योजना के जल राशि के सरचार्ज पर शत-प्रतिशत छूट दी जा रही है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुन्दन कुमार ने बकाया के सरचार्ज राशि में छूट का लाभ देने के लिए विशेष वसूली कैंपों का आयोजन किया है। बुधवार से शनिवार तक बोरियाखुर्द, रायपुरा और सरोना योजनाओं में विशेष वसूली कैम्प प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025,06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 20 मार्च 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



‘शहरी परिवेश में तीन दशक पहले छोटे-छोटे पंख वाले मित्र गौरैया की चहचहाहट घर-आंगन ही नहीं, किचन में भी सुनाई देती थी। जैसे-जैसे लोगों ने इनकी परवाह करना बंद की या यूं कहें कि उनसे दूरी बनाने लगे, वैसे-वैसे उनकी चहल-पहल हमारे बीच में कम होने लगी। अब भी ग्रामीण इलाके इनकी चहचहाहट से गुलजार हैं। इनके स्वागत में लोग घर-आंगन या शांत और छाया वाले स्थानों पर दाना-पानी रखने की आदत डालें, तो गौरैया की चहल-पहल फिर से बढ़ सकती है।’

### आज विश्व गौरैया दिवस, लोग उनके लिए दाना-पानी रखें तो घर-आंगन में फिर बढ़ेगी चहल-पहल

# छोटे पंख वाले मित्र गौरैया की लोग परवाह करें तो शहरी परिवेश में फिर से गूंजेगी उनकी चहचहाहट

**रायपुर।** शहर से दूर गांवों के शांत माहौल में सुबह से लेकर शाम तक गौरैया की चहल-पहल कायम है। शहरी क्षेत्र में तीन दशक पहले तक गौरैया हवा में अपनी चहचहाहट से मिठास भरती थीं। पक्षी प्रेमी राजू वर्मा और रवि नायडू बताते हैं कि इन पक्षियों के झुंड अभी भी ग्रामीण इलाकों में रौनक बढ़ा रहे हैं। छोटे पंख वाले मित्र पक्षी के रूप में बिन बुलाए मेहमान की तरह आने वाली गौरैया की लोगों ने परवाह करनी बंद कर दी। जाने-अनजाने में लोगों ने इनसे दूरी बना ली। इससे बचपन की यादों में बसे पक्षी हमारे घर और आंगन ही नहीं, बल्कि किचन से भी गायब हो गए। अब भावी पीढ़ी को हम तस्वीरों में ही इन्हें दिखा पाते हैं।



### इनके स्वागत के लिए लोग करें प्रयास

वर्षों पहले बहुतायत में पाई जाने वाली गौरैया अब कई क्षेत्र में एक दुर्लभ दृश्य और रहस्य बन गई है। इन छोटे पक्षियों के प्रति जागरुकता बढ़ाने और उनकी रक्षा के लिए हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाने की स्थिति बन गई। ऐसे हालात इसलिए बनने लगे, क्योंकि हमने घर के आंगन में खाने की बजाय घर में खाना शुरू कर दिया। इससे उन्हें स्नेह का दाना मिलना बंद हो गया और इसे देखते हुए वे शहरी परिवेश से गायब होने लगे। इनके स्वागत के लिए लोग प्रयास करें तो उनकी चहचहाहट फिर से घर-आंगन में सुनाई देगी।



### आने वाले लोगों को बताते हैं महत्व

पक्षी प्रेमी श्री वर्मा ने बताया कि विश्व गौरैया दिवस की शुरुआत नेचर फॉर एवर नामक पक्षी संरक्षण संगठन द्वारा 2010 में की गई। इसका उद्देश्य गौरैया की घटती आबादी के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। नंदनवन में घूमने आने वाले लोगों को गौरैया के महत्व को बताने का प्रयास करते हैं। इससे कुछ पक्षी प्रेमी घर -आंगन में उनके लिए दाना-पानी के साथ ही वे कुछ पल सुकून से बिता सकें, इस तरह का माहौल उन्हें देने का प्रयास करते हैं। इस पहल को हर परिवार के लोग करने लगें, तो गौरैया एक बार फिर से हमारा हिस्सा बनेगी।

### विभिन्न नामों से गौरैया की पहचान

गौरैया छोटा होने के बाद भी महत्वपूर्ण पक्षी है। यह पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। वह विभिन्न कीड़ों और कीटों को खाकर कीटों की आबादी को नियंत्रित करने में मदद करती है। इसके अलावा गौरैया परागण और बीज प्रसार में प्रमुख भूमिका निभाती हैं। उनकी मौजूदगी से ही जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है। श्री नायडू ने बताया कि गौरैया ग्रामीण और शहरी पारिस्थितिक तंत्रों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। हिंदी में गौरैया, तमिल में कुरुवी और उर्दू में चिरिया जैसे नामों से भी इसे जाना जाता है।

## एजूकेशन अपडेट

### कोहोर्ट 7.0 में स्टार्टअप के लिए कृषि क्षेत्र में स्टूडेंट्स को मिलेंगे अवसर




**रायपुर।** ऐसे युवा जो एग्रीबिजनेस में इनोवेशन करने के साथ ही इस क्षेत्र में ही भविष्य संवारना चाहते हैं, वे कोहोर्ट 7.0 एग्रीबिजनेस ओरिएंटेशन, इनक्यूबेशन एवं स्टूडेंट एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम से जुड़ सकते हैं। इसमें एग्रीप्रेन्योर, स्टार्टअप से जुड़े छात्रों को अब शानदार अवसर मिलेगा। एग्रीबिजनेस में इनोवेशन की चाहत को पूरा करने के लिए युवाओं को igkvrabi.accubate.app/ext/form/3252/1 पर आवेदन करना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 15 अप्रैल है। जो युवा इससे जुड़ेंगे उनके लिए 300 से अधिक एग्री स्टार्टअप इनक्यूबेट हैं। 119 स्टार्टअप को 14 करोड़ से अधिक की फंडिंग के लिए अनुशंसा के साथ ही 150 करोड़ का आर्थिक योगदान मिलेगा। 1000 से भी अधिक नए उत्पाद विकसित किए गए हैं। एक लाख से अधिक किसानों को सीधा फायदा मिला है। साथ ही, 1000 लोगों को रोज़गार मिला।

#### युवा कर सकेंगे आवेदन, मिलेगा फायदा

कृषि क्षेत्र में जो युवा कुछ करने की चाहत रखते हैं। ऐसे नए और शुरुआती स्तर के एग्रीप्रेन्योर ही नहीं, जो अपने स्टार्टअप को बढ़ाना चाहते हैं, उनके लिए भी खास अवसर है। एग्रीबिजनेस में इनोवेशन करने के इच्छुक विद्यार्थी भी इससे जुड़ सकते हैं। ऐसे लोगों को देश के टॉप एग्रीबिजनेस एक्सपर्ट से मेंटरशिप के साथ ही निवेशकों से जुड़ने और ग्रांट पाने का अवसर मिलेगा। साथ में बिजनेस को बढ़ाने के लिए भी एक्सेलेरेशन सपोर्ट मिलेगा। इससे जो युवा कृषि के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहते हैं, उन्हें ऊंचाई मिलेगी।

#### यहां से मिलेगी अधिक जानकारी

*एग्रीबिजनेस में इनोवेशन करते हुए इस क्षेत्र में आगे कॅरियर बनाने के लिए इच्छुक युवाओं को अधिक जानकारी* **igkvrabi.com** *पर मिलेगी। जहां वे आवेदन से जुड़ी सारी जानकारी जुटा सकते हैं। इसके लिए अभी पर्याप्त समय होने से युवा इसका फायदा ले सकते हैं। ऐसे छात्र-छात्राओं को जो इस तरह के प्रयोग से कृषि को व्यवसाय का रूप देना चाहते हैं, उन्हें बेहतर करने का अवसर के साथ ही मार्गदर्शन भी मिलेगा।*

## एग्जॉम अलर्ट

### परीक्षा की तैयारी के साथ खान-पान का ध्यान रखें पालक, सेहत के लिए पेय पदार्थ जरूरी

**रायपुर।** विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा नई पहल की गई। इस वर्ष स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पांचवी, आठवीं को बोर्ड परीक्षा में शामिल किया गया है। जिसके अनुसार विद्यार्थियों के लिए परीक्षा पैटर्न और नंबर विभाजन की प्रक्रिया तय की गई। इसमें पांचवी कक्षा के छात्रों के लिए 50 अंक और आठवीं के लिए 100 अंक निर्धारित किया गया। बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी पालकों और शिक्षकों पर हैं, जो बेहतर तैयारी के लिए विषय संबंधित शॉर्ट नोट्स बनाते चलें। आने वाले दिनों में हिन्दी और अंग्रेजी दो विषयों का एग्जाम होने जा रहा, जिसकी सरल तैयारी के लिए शिक्षकों द्वारा महत्वपूर्ण टिप्स दी गई है।



#### बोर्ड परीक्षा में पाठ्यक्रमों को समझें

पांचवी कक्षा के अभ्यार्थियों का 24 मार्च को हिन्दी विषय का एग्जाम है, जिसकी तैयारी सबसे सरल होने वाली है। बोर्ड परीक्षा के दौरान सही लेखन शैली नंबर बढ़ाने में मदद करता है, जिसे लेकर बच्चों को सही क्रम में लिखना आना चाहिए। इस स्थित में पाठ्यक्रम को अच्छी तरह से पढ़कर और समझकर तैयारी शुरू करें।

- महत्वपूर्ण अध्याय को प्राथमिकता दें।
- एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम से पढ़ें।
- व्याकरण के नियमों को समझें।
- निबंध, आवेदन पत्र को लिखकर याद करें।
- छोटे प्रश्नों की तैयारी करते चलें।
- आंकिक प्रश्न किताब के हाइलाइट बॉक्स से पूछा जाएगा।

#### फल, नींबू पानी का सेवन बेहतर

परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों और पालकों में तनाव बढ़ जाता है, जिसके कारण वे स्वास्थ पर अधिक ध्यान नहीं दे पाते। विद्यार्थियों के बेहतर तैयारी में उनके भोजन और नींद का विशेष ध्यान रखें। इस दौरान सबसे अधिक पेय पदार्थ का सेवन करना शरीर के लिए बेहतर रहेगा। गर्मी के दिनों में शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए छाछ, दही, नारियल पानी, फल, नींबू पानी सबसे बेहतर है।

#### परीक्षा हॉल में समय प्रबंधन का ध्यान रखें

आठवीं कक्षा के विद्यार्थी 26 मार्च को अंग्रेजी विषय की परीक्षा देने जा रहे। विद्यार्थी अंग्रेजी को कठिन विषय ना समझें। स्कोरिंग सब्जेक्ट की बेहतर तैयारी के लिए समय सारणी निर्धारित करें। दो घंटे का सदुपयोग करें और सभी प्रश्नों को हल करने की कोशिश करें। घर पर पालकों के समक्ष कठिन सवालों को हल करके देखें, इससे समय प्रबंधन और याद करने में मदद मिलेगी।

- ब्लू प्रिंट के अनुसार पाठ्यक्रम को प्राथमिकता दें।
- स्पेलिंग को लिखकर याद करें।
- निबंध और पत्र की तैयारी 2-3 विभिन्न विषयों में करें।
- कठिन अध्याय को सुबह याद करें।
- आंकिक प्रश्नों की तैयारी एनसीईआरटी किताब से करें।
- परीक्षा के दौरान घर का माहौल सकारात्मक रहे, पढ़ाई के दौरान अन्य गतिविधियों की चर्चा ना करें।
- परिजन बच्चों के भोजन का समय सारणी तय करें।
- परीक्षा हॉल में जाने से पहले बच्चों का मनोबल बढ़ाएं।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों को शिक्षा में साहू समाज करेगा सहयोग




**रायपुर।** समाज के प्रतिभावान और जरूरतमंद विद्यार्थियों को केन्द्र एवं राज्य शासन के उच्च प्रशासनिक पदों के लिए होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति अब सहयोग करेगा। इससे पीएससी, यूपीएससी, डॉक्टर, इंजीनियर और जज के लिए होने वाली परीक्षाओं में प्रवेश दिलाने में सहयोग के साथ ही मार्गदर्शन और उन्हें आर्थिक सहयोग भी दिया जाएगा। इसके साथ उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा के साथ ही व्यावसायिक शिक्षा के लिए मार्गदर्शन ही नहींए आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक सहयोग भी दिया जाएगा। यह जानकारी बुधवार को पत्रकार वार्ता में मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष टेकराम साहू और सचिव बेदलाल साहू ने दी। उन्होंने बताया कि समाज के सेवानिवृत्त व सेवारत पदाधिकारियों द्वारा जनभागीदारी से यह पहल की जाएगी।

#### 22 को आशीर्वाद भवन में शपथ

उन्होंने आगे बताया कि 22 मार्च को दोपहर 12 से 3 बजे के बीच बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में समिति के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसमें खिलावन सिंह साहू, बीसी साहू, रामफल साव के साथ सत्य प्रकाश साहू प्रमुख रूप से मंचस्थ रहेंगे। इनकी मौजूदगी में समिति की कार्यकारिणी अपने नए उद्देश्यों के साथ ही भविष्य में युवाओं के विकास एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए बनाई गई कार्ययोजना की विस्तार से जानकारी देंगे। जिन जरूरतमंद युवाओं से आवेदन प्राप्त होंगे, उन्हें किस तरह से आगे सहयोग प्रदान किया जाएगा, इसको लेकर समिति के पदाधिकारियों द्वारा वैचारिक मंथन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य समाज की प्रतिभाओं को शिक्षा के साथ रोजगार से जोड़ने के लिए प्रयास करना है, ताकि समाज के युवाओं को कॅरियर निर्माण में सहयोग मिल सके।

## सुमधुर संगीत के साथ मनमोहक नृत्य से विद्यार्थियों ने बांधा समां

**रायपुर।** कालीबाड़ी स्थित कमला देवी संगीत महाविद्यालय के फनकारों ने सुमधुर संगीत से शाम 4 से लेकर 6 बजे तक शानदार महफिल सजाई। इसमें अलग-अलग विधा के गुणी कला मर्मज्ञों ने अपने हुनर की छाप छोड़ी। बुधवार को लोक संगीत के विद्यार्थियों द्वारा फाग गीतों की स्वर लहर से रंग मंदिर में ऐसा समां बांधा कि इसमें श्रोता भी रमें रहे। डॉ. आरती सिंह द्वारा निर्देशित लता मंगेशकर के गीतों से ही उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। गायन विभाग के विद्यार्थियों द्वारा शास्त्रीय गायन धमार होली गीतों की प्रस्तुति से हाल तालियों से गूंज उठा। गीत-संगीत की शिक्षा ले रहे छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।



#### कला प्रेमियों ने किया उत्साहवर्धन

इसमें महाविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी व भातखंडे शिक्षण समिति के सदस्य भी हौसला आफजाई करने के लिए सभागार में मौजूद रहे। जहां शिक्षकों ने भी भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति और गायन की विधा से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। उनका उत्साहवर्धन करने के लिए कला प्रेमी भी बड़ी तादाद में मौजूद थे। इस आयोजन को सफल बनाने में अजय तिवारी, शोभा खंडेलवाल, सुरेश शुक्ला, डॉ. विद्यानाथ सिह, अरुण कुमार सोनी, दीपक बेडेकर ने अहम भूमिका निभाई।

### राजधानी के एक होटल में यूके गोल्डन ग्लोरी ग्रुप ने महिलाओं के लिए किया भव्य आयोजन

## महिला प्रतिभा खोज के लिए वृन्दावन थीम पर सजाया मंच, डांस के साथ रैंप वॉक







**रायपुर।** जाने कितनी ही महिलाएं ऐसी हैं, जिनमें छिपी प्रतिभा घर की चारदीवारी में ही सिमट करके रह जाती हैं। ऐसी महिलाओं की खोज और उनको मंच देने की पहल राजधानी के यूके गोल्डन ग्लोरी ग्रुप ने एक होटल में किया। जहां वृन्दावन थीम पर रंगारंग प्रोग्राम के बीच उन्हें रैंप वॉक करने का अवसर भी दिया गया। इसके चलते होटल में सजाए गए मंच पर रंग पंचमी उत्सव का माहौल भी देखने को मिला। यह आयोजन यूनिवर्स इंटरनेशनल की रनरअप उमा कुशवाहा ने किया। इसमें पार्टिसिपेट को रैंप वॉक के साथ ही क्रिएटीविटी टैलेंट को दिखाने का अवसर दिया गया। साथ ही उनकी झिझक दूर करने के लिए वृंदावन की थीम पर राधा-कृष्ण का सुंदर नृत्य भी प्रस्तुत करने का अवसर दिया।

#### प्रोग्राम में मास्क पहने पहुंचे लोग

इसमें दिव्या रेड्डी एवं संजना रेड्डी ने सभी पार्टिसिपेट और ऑडियंस को मास्क पहनकर प्रोग्राम में प्रवेश दिया। वीवीआईपी गेस्ट के रूप में के.लक्ष्मी नारायण एवं शैलजा मौजूद थी। मंजूषा पाटले, उषा शर्मा के साथ सोनम श्रीवास्तव, शिखा साहू, जसपाल माखीजा, क्षमा बंजारे, अर्पिता सिंह ,मीना नितिन, ललिता चोपड़ा ने आयोजन में अहम भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को खास बनाया। वहीं, बेस्ट एंकर के रूप में श्वेता, मंजुला रेड्डी, अंजलि कश्यप व भानुप्रिया रेड्डी ने प्रोग्राम को खास बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।



#### रैंप वॉक में ये रहीं विजेता

रैंप वॉक में मिस केटेगरी में संजना, दिव्या और लक्ष्मी बंजारे विजेता रहीं। वहीं, कोमल गोगिया ने बहुत ही सुन्दर तरीके से वृन्दावन की थीम पर डांस पेश किया। इसके बाद मिसेज गोल्डन केटेगरी में कल्यानी तिवारी, पूनम सोनी, पूजा शुक्ला विजेता रहीं। इनके साथ ही मनदीप कौर, सीमा विश्वकर्मा, स्वीता गौरी को विजेता घोषित किया गया। इस प्रोग्राम के चलते महिलाओं को खुशनुमा माहौल के साथ ही आत्म विश्वास भी बढ़ाने का प्रयास किया गया।

लाइव इवेंट

## मेधावी प्रतिभाओं का मेडिकल कॉलेज ने समारोह में किया सम्मान



**रायपुर।** पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय में यूफोरिया-2025 वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इसमें शैक्षणिक उत्कृष्ठता को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण किया गया। मेडिकल कॉलेज के अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में मेधावी छात्रों को उत्कृष्ठ शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. पीके पात्रा, अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी, चेयरपर्सन छात्रसंघ डॉ. अरविन्द नेरल, अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर, डॉ. ज्योति जायसवाल एवं डॉ. वर्षा पाण्डे ने मेधावी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस बीच कुल 33 छात्रों को स्वर्ण पदक और प्रावीण्य प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सम्मान पाने वाले छात्रों में विशंभर पाण्डे, विशाल जंघेल, आरूषी पटेल, हर्षिता मित्तल, अर्पित श्रीवास्तव, तनिषा मंधानी, आदित्य राठौर, खुशी मित्तल, निराहिका पाल शामिल रही।

### शिक्षक राष्ट्र की प्रगति के आधार

एग्रीगेट टॉपर डॉ. अनुष्का दुबे रहीं, जिन्होंने एमबीबीएस में सबसे ज्यादा अंक हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वर्षा पाण्डे ने किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ. पी.के पात्रा ने कहा कि शिक्षक किसी भी राष्ट्र की प्रगति के आधार होते हैं और यह देखना प्रेरणादायक और सुखद अनुभूति है कि आज के युवा भविष्य को आकार देने के लिए समर्पित हैं। अधिष्ठाता डॉ. चौधरी ने मेधावी छात्रों और पालकों को धन्यवाद एवं आशीर्वचन दिया। समारोह को सफल बनाने में डॉ. निकिता शेरवानी, डॉ. आदित्य के. जैन का विशेष योगदान रहा।

शहर में सामाजिक संस्थाओं ने जमाया रंग, मंदिरों में पंचमी पर श्रद्धालुओं ने फाग गीतों पर मचाई धूम

# रंग-गुलाल और फूलों की पंखुड़ियों से सजाई पंचमी, रस्म निभाने के लिए जगह-जगह उत्सव

'रंगों से सराबोर करने वाली होली के बाद पंचमी तिथि की महत्ता से जुड़े सामाजिक संस्थाओं ने बुधवार को रस्मों का भी पालन किया। इसके चलते जगह-जगह रंग, गुलाल ही नहीं, बल्कि फूलों की पंखुडियों से भी उत्सव को सजाया। इससे आस्था केन्द्र भी अछूते नहीं थे। भक्तों ने फाग-गीतों की ऐसी महफिल सजाई की श्रद्धालु भी इसमें रमें रहे। यह सिलसिला अपरान्ह तीन बजे से लेकर देर-शाम तक चलता रहा।'

**रायपुर।** राजधानी में होली के बाद रंग-पंचमी पर संस्थाओं और मंदिरों में भव्य रूप से आयोजन किया गया। जहां शहरवासी रंग-बिरंगे गुलाल में रंगे नजर आए। इस अवसर पर फाग मंडलियों की प्रस्तुति भी देखने को मिली। इनके संगीत की धुन पर लोग खुद को थिरकने से रोक नहीं सके। रंग-पंचमी पर होली मिलन का सिलसिला भी चला। जिसमें लोगों ने एक-दूसरे के गालों पर रंग लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। समता कालोनी के महाराष्ट्र मंडल में कला एवं संस्कृति समिति द्वारा देर शाम को होली मिलन का आयोजन किया गया। इसमें फाग गीत और सांस्कृतिक आयोजन भी किया गया। इसमें बच्चे ही नहीं, बुजुर्ग भी झूमते नजर आए। जहां सचिव चेतन गोविंद दंडवते, आध्यात्मिक समिति की प्रभारी आस्था काले, अभय काले, सृष्टि दंडवते, अक्षता पंडित, प्रिया बक्षी, भागीरथ काले ने इसे उत्सव का रूप दिया।





### उत्सव की धूम, हवा में उड़ा गुलाल



मंजू करवा संगठन द्वारा रंग पंचमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल में रंगते दिखे। होली के बाद रंग-पंचमी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें संगठन की महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए महिलाओं का सम्मान



छत्तीसगढ़ विप्र महिला समाज द्वारा रंग पंचमी व नारी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। एक दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत सम्मान समारोह के साथ की गई, जिसमें समाजहित के लिए कार्य करने वाली महिलाओं का चयन किया गया।

### गोकुलचंद्रा मंदिर में 23 को रंग पंचमी

बुढ़ापारा स्थित गोकुलचंद्रा मंदिर में 23 मार्च को भव्य रंग पंचमी का आयोजन किया जा रहा।इस अवसर पर चंपारण स्थित मंदिर के प्रमुख द्वारकेश महाराज का आगमन राजधानी में होने जा रहा। महोत्सव का शुभारंभ सुबह 11:30 बजे किया जाएगा, जहां रंग-गुलाल, फूलों की पंखुड़ी और फाग गीतों के साथ श्रद्धालुओं को महाराज द्वारा आशीर्वचन सुनने का मौका मिलेगा।

### खास अवसर पर विशेष भोग

सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर में रंग पंचमी के खास अवसर पर श्रीकृष्ण व राधा रानी को विशेष भोग लगाया गया, जिसके बाद दिनभर कृष्ण भक्तों की भीड़ दर्शन मात्र के लिए मंदिर परिसर में पहुंची। संध्या आरती के बाद फाग गीत गाए गए। इस मौके पर गर्भगृह में मौजूद सभी प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया।

### दर्शन के लिए भक्तिों की कतार

महादेव घाट स्थित राधा-कृष्ण मंदिर और पुरानी बस्ती स्थित गोपीदास मंदिर में भी रंग पंचमी का उत्साह देखा गया, जिसमें भगवान संग होली का आनंद लेने श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचे। विशेष अवसर पर फूल और गुलाल के साथ आपस में होली खेली गई। इस दौरान देर रात तक भक्तों की भीड़ राधा रानी और श्री कृष्ण के दर्शन के लिए कतार में नजर आए।



महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में गुरुवार को शाम 4.30 बजे से होली मिलन का आयोजन किया जा रहा। इस अवसर पर शहर स्थित कई केंद्रों से महिलाएं शामिल होंगी। कार्यक्रम के दौरान कैटवॉक, गेम्स, फाग गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा। होली मिलन कार्यक्रम के संदर्भ में चौबे कॉलोनी केंद्र की संयोजिका अक्षता पंडित ने बताया कि पारंपरिक रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर में गुलाब की पंखुड़ियों से रंग पंचमी का उत्सव मनाया गया।इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा फाग गीत और भजन- कीर्तन का आयोजन किया गया। साथ ही भगवान की प्रतिमाओं पर फूलों की वर्षा की गई।



श्री सुरेश्वर महादेव पीठ में रंग पंचमी का भव्य आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं के हाथ होली के रंग-बिरंगे गुलाल से सने नजर आए। रंग पंचमी पर सभी ने एक-दूसरे के माथे पर गुलाल लगाकर बधाई दी। रंगों के त्यौहार पर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया।

सिटी लाइव

## व्यवसाय को बढ़ाने की कुंजी नवाचार नवीन तकनीक का प्रयोग भी जरूरी



**रायपुर।** एनआईटी में फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'नवाचार और उद्यमिता में वास्तविक व्यावसायिक अंतर्दृष्टि' रखा गया है। व्याख्यान सत्र में मुख्य व्याख्याता डॉ. सुरेश हावरे मौजूद रहे, जिन्होंने उपस्थित प्रध्यापकों, शोधकर्ताओं, छत्तीसगढ़ राज्य से चयनित 50 शिक्षकों को विज्ञान, व्यवसाय और सामाजिक परिवर्तन में नवाचार विचारों के संदर्भ में संबोधित किया। व्याख्यान में परमाणु ऊर्जा से रियल एस्टेट व्यवसाय में परिवर्तन की जानकारी देते हुए कहा, व्यवसाय को बढ़ाने की कुंजी नवाचार है। बिज़नेस साइकिल, ब्लू ओशन रणनीति और प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहने के लिए सतत नवाचार की आवश्यकता है। अनुसंधान और सतत विकास को एकीकृत करके ऐसे व्यवसाय स्थापित किए जा सकता है, जो न केवल आर्थिक रूप से सफल हों, बल्कि समाज पर सकारात्मक प्रभाव भी डालें।

### अभ्यार्थियों को दी व्यावसायिक जानकारी



इस अवसर पर निदेशक डॉ. एनवी रमना राव, वृत्ति विकास केंद्र के प्रमुख डॉ. समीर बाजपेयी उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य एफआईई के इनक्यूबेटेड स्टार्टअप फाउंडर्स एवं एनआईटी के अभ्यार्थियों को व्यावसायिक क्षेत्र में प्रोत्साहित करना रहा। इससे भविष्य में होने वाली समस्या एवं नवीन विचार प्रणाली से फायदा की जानकारी दी गई है। इसमें डॉ. अनुज कुमार शुक्ला, पवन कटारिया ने भी सत्र में जानकारी साझी की।

# इस नवरात्र में घी- तेल के ज्योति कलश से जगमगाएंगे देवी धाम, पंजीयन का सिलसिला तेज

राजधानी के प्रमुख देवी मंदिरों में ज्योति कलश कक्ष की साफ-सफाई शुरू



**रायपुर।** चैत्र नवरात्रि के नजदीक आते ही देवी मंदिरों में तैयारियों का सिलसिला तेज हो गया है। इन दिनों मंदिर प्रांगण और ज्योति कलश कक्ष को रंग रोगन किया जा रहा है। देवी धाम में अधिक ज्योति कलश स्थापित करने के लिए विशेष रूप से स्थान तैयार किए जा रहे हैं। जिसमें तांबे और मिट्टी के कलश रखने की व्यवस्था की जा रही है। देवी मां के प्रति आस्था और मन्नत रखने वाले श्रद्धालु भी लगातार मंदिरों में पंजीयन कराने पहुंच रहे हैं। जो अपने और परिजनों के नाम से ज्योति कलश स्थापित करा रहे हैं। इसमें अखंड ज्योति जहां नौ दिनों तक प्रज्ज्वलित होने वाली है।



- देवी धाम में लक्षित कलश की स्थिति
- महामाया मंदिर- लक्ष्य 11 हजार , पंजीयन 5 हजार
- काली मंदिर- लक्ष्य 4001, पंजीयन 500
- कंकाली मंदिर- लक्ष्य 1100 , पंजीयन 200
- दंतेश्वरी मंदिर- लक्ष्य 1500 , पंजीयन 700
- बंजारी मंदिर- लक्ष्य 150 , पंजीयन 1200



### ज्यादा प्रज्जवलित होंगी ज्योति

पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष अधिक ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होने की संभावना है। इसके लिए मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने तैयारी शुरू की है। पुरानी बस्ती स्थित मां राजराजेश्वरी देवी महामाया, आकाशवाणी स्थित मां काली मंदिर, कंकाली मंदिर, बंजारी जैसे कई शक्तिपीठों और मंदिरों में 15 हजार से अधिक ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आस्था के पर्व नवरात्रि में ज्योति प्रज्ज्वलित कराने 29 मार्च तक भक्त पंजीयन करा सकते हैं। सभी देवी मंदिरों में इसके लिए सुविधा दी जा रही है।

### काली मंदिर में भी तैयारी शुरू

आकाशवाणी स्थित मां काली मंदिर में घी और तेल दोनों तरह के ज्योति प्रज्ज्वलित करने की तैयारी है। नवरात्रि से पहले मंदिर प्रांगण में साफ-सफाई शुरू हो गई है। जिसमें कलश कक्ष और देख-रेख के लिए बैगा को आमंत्रित किया गया है। जहां घी ज्योति 2100 रुपए और तेल ज्योति 950 रुपए देकर लोग प्रज्ज्वलित करा सकेंगे। इस वर्ष देवी मंदिरों में अधिकतर तेल के ही ज्योति प्रज्ज्वलित होंगे। श्रद्धालु प्रतिदिन सुबह से देर रात तक पंजीयन कराने परिसर में पहुंच रहे हैं।

## सेहत के लिए साधना जरूरी, 6 अप्रैल से शुरू होगा निःशुल्क शिविर

**रायपुर।** भाग-दौड़ भरी जिंदगी में योग और साधना के महत्व को जानना जरूरी है। इसे देखते हुए विश्व के समृद्ध विरासत विपश्यना ध्यान के कृतज्ञ साधकों द्वारा स्थापित एवं संचालित धम्म कुटी विपश्यना ध्यान केंद्र सिंगारभाठा रायपुर में दस दिवसीय निःशुल्क शिविर का आयोजन 6 से 17 अप्रैल के बीच होगा। इस निःशुल्क शिविर में आवास एवं भोजन व्यय कृतज्ञ साधकों के स्वैच्छिक दान से होता है। शिविर का संचालन बालाघाट के वरिष्ठ सहायक आचार्य एलपी मंडलेकर करेंगे। इस प्रचलित परंपरा में विपश्यना के सहायक आचार्य, वरिष्ठ सहायक आचार्य को पारिश्रमिक या मानदेय नहीं दिया जाता है। इस परंपरा के वाहक के रूप में वे समाज के अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए स्वैच्छिक सेवा दे रहे हैं।



### रोज 10 घंटे लोग करेंगे साधना

*विपश्यना आत्म दर्शन और स्वदर्शन की साधना है। अपने आप को देखने की साधना है। जो सच्चाई अपने बारे में इस क्षण संवेदना के रूप में प्रकट हुई है, उसे अनुभूति से भली-भांति जानना है। हममें कोई दोष है, खोट है, तो स्वीकार करना है। तभी दोष को निकाल सकेंगे। इसके लिए प्रतिदिन प्रातः 4 बजे उठने के बाद रात 9 बजे तक विभिन्न सत्रों में लगभग दस घंटे साधना करना होता है। ध्यान साधना के इच्छुक व्यक्तियों के लिए प्रति माह दस दिवसीय विपश्यना शिविर में शामिल होने का सुअवसर दिया जाता है।*

खरमास का प्रभाव खत्म होने के साथ शुरू होगा वैवाहिक आयोजनों का सिलसिला

## 14 से फिर सजेंगे मंडप, 6 जुलाई तक विवाह के लिए मिलेंगे 26 शुभ मुहूर्त

**रायपुर।** महीनेभर का सन्नाटा अब खत्म होने वाला है। 14 मार्च को शुक्र ग्रह के मीन राशि में सूर्य के प्रवेश के साथ ही जहां खरमास का प्रभाव शुरू होने से शुभ कार्यों पर विराम लगा था। इससे मांगलिक आयोजनों के लिए इंतजार करने वालों को अब 14 अप्रैल को सूर्य का मेष राशि में प्रवेश होने से एक बार फिर से मंडप सजाने का अवसर मिलेगा। 14 अप्रैल से 6 जुलाई के बीच लोगों को विवाह के लिए 26 शुभ मुहूर्त मिलने वाले हैं। इससे एक बार फिर ढोल, धुमाल के साथ ही शहनाई की गूंज सुनाई देगी। साथ ही जिनके रिश्ते तय हो चुके हैं, उन्हें घर बसाने के लिए अच्छे मुहूर्त भी मिलेंगे। इससे सामाजिक स्तर पर भी सामूहिक विवाह का सिलसिला शुरू होने वाला है।



### देवशयनी के बाद लगेगा विराम

*पंडित जी ने आगे बताया कि जून महीने में भी 01, 02, 04, 07 के बाद 12 को भी वैवाहिक आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा। इसके बाद 6 जुलाई तक ही शादी-सगाई और गृह प्रवेश के लिए शुभ दिन मिलने वाला है। इसके बाद फिर से देवशयनी के चलते मांगलिक आयोजनों पर विराम लगेगा, लेकिन इससे पहले लोगों को बेटे-बेटियों की शादी के लिए अच्छे मुहूर्त मिलेंगे।*

### 14 को सूर्य का मेष राशि में प्रवेश

पंडित मनोज शुक्ला ने बताया कि 14 अप्रैल को सूर्य का मेष राशि में प्रवेश होगा। इस दिन से ही शादी-सगाई का सिलसिला शुरू होगा। अप्रैल में ही 14, 16, 18, 19, 20, 21, 22, 25, 29 और 30 को शुभ मुहूर्त मिलेंगे। इसके बाद मई में 01, 05, 06, 07, 08 के बाद 17, 18, 19, 24 और 28 को भी लोग शुभ विवाह कर सकेंगे। इस बीच गृह प्रवेश, व्रतबंध सहित सभी तरह के संस्कार होंगे। इसके बाद भी कुछ एक अच्छे मुहूर्त और भी मिलेंगे।




## सिटी स्पोर्ट्स

### एलिट ग्रुप क्रिकेट में इरफान का ऑलराउंड प्रदर्शन



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता में बिलासपुर की टीम अपना पहला मैच दल्ली राजहरा में प्लेट कंबाइंड के मध्य खेल रही है। जिसमें बिलासपुर ने पहले दिन का खेल खत्म होते तक 5 विकेट में 143 रन बना लिए थे।

18 मार्च को दूसरे दिन का खेल खेला गया, जिसमें बिलासपुर ने 143 रनों से आगे खेलते हुए 65.2 ओवर में 233 रन बनाकर आउट हो गई। मोहम्मद इरफान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक 64 रन बनाए, वासुदेव बरेठ और स्नेहिल चड्ढा ने 24 रनों का योगदान दिया। प्लेट कंबाइंड की ओर से गेंदबाजी करते हुए सौरभ मजूमदार और शशांक तिवारी ने तीन तीन विकेट प्राप्त किए। बिलासपुर ने पहली पारी में 71 रनों की बढ़त बना ली। इसके पश्चात प्लेट कंबाइंड ने अपनी दूसरी पारी खेलते हुए 36.2 ओवर में 187 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। प्लेट कंबाइंड की ओर बल्लेबाजी करते हुए हर्ष साहू ने 45 रन और विजय यादव ने नाबाद 40 रनों का योगदान दिया।बिलासपुर को ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद इरफान और मोहित रावत ने तीन तीन विकेट प्राप्त किए और मयंक यादव को 2 विकेट मिले। इस तरह प्लेट कंबाइंड ने बिलासपुर के सामने 117 रनों का लक्ष्य रखा और बिलासपुर ने 117 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरे दिन का खेल खत्म होते तक 18 ओवर में 2 विकेट खोकर 49 रन बना लिए है। बिलासपुर को जीत के लिए 68 रन और बनाने होंगे। बिलासपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आशीष पांडे ने 29 रन प्रथम सिंह नाबाद 6 रन और इरफान ने 2 रन पर नाबाद खेल रहे है। प्लेट कंबाइंड की ओर शशांक तिवारी को 2 विकेट प्राप्त हुए है। मैच के निर्णायक अनिल सिंह और राणा प्रताप सिंह है स्कोरर महेंद्र साहू और ऑब्जर्वर कमल घोष टीम के कोच मोईन मिर्जा है। बिलासपुर ब्लू की टीम अपना पहला मैच बीएसपी के मध्य राजनांदगांव में खेल रही है। जिसमें बिलासपुर ब्लू ने पहले दिन 8 विकेट में 215 रन बना लिए थे. कल दूसरे दिन खेलते हुए 112.3 ओवर में 263 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें श्रेयम सुंदरम और दीपक सिंह बघेल के मध्य नौवें विकेट के लिए 94 रनों को महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। जिसमें दीपक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 72 रन, श्रेयम सुंदरम ने 54 रन का योगदान दिया। बीएसपी की ओर से गेंदबाजी करते हुए जीवेश भुट्टे ने 4 विकेट, कार्तिक नायडू ने 3 विकेट प्राप्त किए। इसके पश्चात बीएसपी ने अपनी पहली पारी खेलते हुए 54.3 ओवर में 170 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें देव आदित्य सिंह ने सबसे अधिक 78 रन बनाए, जीवेश भुट्टे ने 25 रन का योगदान दिया। बिलासपुर ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए श्रेयम सुंदरम ने 3 विकेट इम्तियाज़ खान, प्रवीण कुमार यादव और परिवेश धर ने दो दो विकेट प्राप्त किए। बिलासपुर ब्लू ने पहली पारी में 93 रनों की बढ़त बना ली। इसके पश्चात बिलासपुर ब्लू ने अपनी दूसरी पारी में 4 ओवर में 1 विकेट खोकर 9 रन बना लिए है। जिसमें अनुज कुमार सिंह और दीपक सिंह बघेल नाबाद एक एक रन पर खेल रहे है।

### रविवि की महिला शतरंज टीम ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट के लिए रवाना



रायपुर। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की महिला शतरंज टीम ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में भाग लेने रवाना हो गई है। दिल्ली विश्वविद्यालय में 18 से 20 मार्च तक आयोजित प्रतियोगिता के लिए टीम में खिलाड़ी रौशनी साहू, जेश केशरवानी, संजीता साहू, वैदेही मिश्रा और संध्या कुर्रे शामिल हैं। टीम के प्रबंधक डॉ. राजीव चौधरी प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला और कोच शीतल टोपनो हैं।

### तलवारबाजी में गौरव, रीबा और वेदिका ने जीते कांस्य पदक



रायपुर। अस्मिता फेंसिंग लीग (2024-25) फेज तीन 14 से 18 मार्च तक एर्नाकुलम केरला में संपन्न हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ स्टेट फेंसिंग एसोसिएशन की तरफ से गौरव चौधरी ने सेबर इवेंट, रीबा बेन्नी ने ईपी और वेदिका कौशिक ने सेबर इवेंट ने कांस्य पदक जीता है। इस उपलब्धि पर राज्य फेंसिंग संघ के अध्यक्ष एस प्रकाश, एक्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट सुनील कुमार अग्रवाल, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट अजीत सिंह पटेल, जनरल सेक्रेटरी बशीर अहमद खान, कोषाध्यक्ष रामप्रताप गुप्ता, जॉइंट सेक्रेटरी अखिलेश दुबे, निखिल जम्भुलकर, वी जॉनसन सोलोमन, प्रवीण कुमार, मोहनीश वर्मा ने हर्ष जताया है।

### आपके शरीर में प्रोटीन का संतुलन जरूरी

# क्या प्रोटीन की कमी से भी हो सकता है बीमारियों का खतरा? इन जोखिमों के बारे में जानना जरूरी

शरीर के फिटनेस और बेहतर स्वास्थ्य के लिए पोषक तत्वों से भरपूर चीजों का सेवन करते रहने की सलाह दी जाती है। दैनिक रूप से पौष्टिक आहार का सेवन करके आप शरीर के लिए जरूरी तत्वों की पूर्ति कर सकते हैं। प्रोटीन ऐसा ही एक अतिआवश्यक तत्व है जो न सिर्फ मांसपेशियों के निर्माण और इसकी मजबूती में सहायक है, साथ ही ये कई प्रकार की बीमारियों से बचाने में लाभकारी हो सकता है। शाकाहारी और प्लांट बेस्ड कई चीजों में भरपूर मात्रा में प्रोटीन की मौजूदगी होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, प्रोटीन हमारी मांसपेशियों, त्वचा, एंजाइम और हार्मोन का निर्माण खंड है और यह शरीर के सभी ऊतकों में भी आवश्यक भूमिका निभाता है। अगर आपके आहार में पर्याप्त प्रोटीन नहीं है तो आप मांसपेशियों में दर्द-कमी, कमजोरी जैसी समस्याओं के शिकार हो सकते हैं। क्या आप जानते हैं कि प्रोटीन की कमी यदि लंबे समय तक बनी रहती है तो इसके कारण आप कुछ गंभीर बीमारियों के भी शिकार हो सकते हैं?



### कितनी प्रोटीन है जरूरी?

अध्ययनकर्ता बताते हैं, वयस्कों को प्रतिदिन शरीर के वजन के प्रति किलोग्राम 0.8 ग्राम प्रोटीन की जरूरत होती है। उदाहरण के लिए, जिस व्यक्ति का वजन 75 किलोग्राम है, उसे प्रतिदिन 60 ग्राम प्रोटीन का सेवन करना चाहिए। प्रोटीन की कमी की स्थिति में शरीर की संरचना में बदलाव होने लग जाता है। अगर इसमें सुधार नहीं होता है तो ये लिवर की बीमारी, हड्डियों की समस्या और बच्चों के विकास को भी प्रभावित कर सकती है।

### बच्चों का विकास हो सकता है प्रभावित



प्रोटीन न केवल मांसपेशियों-हड्डियों के निर्माण और मजबूती के लिए आवश्यक है, साथ ही ये शरीर के विकास को भी बढ़ावा देने के लिए जरूरी है। प्रोटीन की कमी या अपर्याप्तता बच्चों के लिए कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के साथ उनके सामान्य विकास को भी प्रभावित करने वालr हो सकतr है। प्रोटीन की कमी से बच्चों के मस्तिष्क का विकास भी प्रभावित हो सकता है, आहार में इसकी मात्रा जरूर सुनिश्चित करें।

### संक्रमण और इसके गंभीर रूप लेने का खतरा

प्रोटीन की कमी का असर प्रतिरक्षा प्रणाली पर भी पड़ सकता है। गंभीर स्थितियों में इसकी कमी के कारण संक्रमण का जोखिम और इसके गंभीर रूप लेने का भी खतरा हो सकता है। पशुओं पर किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि केवल 2% प्रोटीन वाले आहार की तुलना में 18% प्रोटीन लेने वाले वाले पशुओं में



संक्रामक रोग होने का जोखिम अधिक होता है। महिलाओं पर किए गए एक छोटे अध्ययन से पता चला है कि नौ सप्ताह तक लो प्रोटीन वाला आहार लेने से उनकी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया काफी कम हो गई।

### फैटी लिवर का हो सकता है खतरा

शरीर में प्रोटीन की कमी होने का असर लिवर की सेहत को भी प्रभावित करने वाला हो सकता है। ये आपमें फैटी लिवर की समस्या का कारण बन सकती है। फैटी लिवर, यकृत में वसा जमने के कारण होने वाली बीमारी है। उपचार न होने की स्थिति में फैटी लीवर रोग लिवर में सूजन, सिरोसिस और गंभीर स्थितियों में लिवर फेलियर का भी खतरा बढ़ा देती है।



## घर से रहते हैं दूर तो अपने माता-पिता का ध्यान ऐसे रखें, ताकि उन्हें न महसूस हो अकेलापन

उम्र बढ़ने के साथ माता-पिता को न केवल शारीरिक बल्कि भावनात्मक सहारे की भी जरूरत होती है। ऐसे में, कुछ आसान और प्रभावी तरीकों से आप अपने माता-पिता का ख्याल रख सकते हैं, भले ही आप उनसे मीलों दूर हों।

माता-पिता हर किसी के जीवन का सबसे अहम हिस्सा होते हैं। इसी वजह से जब हम नौकरी या अन्य कारणों से उनसे दूर रहते हैं, तो उनकी देखभाल को लेकर चिंता बनी रहती है।

उम्र बढ़ने के साथ माता-पिता को न केवल शारीरिक बल्कि भावनात्मक सहारे की भी जरूरत होती है। ऐसे में, कुछ आसान और प्रभावी तरीकों से आप अपने माता-पिता का ख्याल रख सकते हैं, भले ही आप उनसे मीलों दूर हों। यहां हम कुछ ऐसी ही टिप्स आपको देने जा रहे हैं जो बढ़ती उम्र में आपके माता पिता को अकेला नहीं रहने देंगी।

### दिन में कई बार कॉल और वीडियो कॉल करें

चाहें आप कितने भी व्यस्त हों, लेकिन दिन में दो से तीन बार माता पिता को कॉल या वीडियो करके बात करें। उनसे पूछें कि खाना क्या खाया ? इसके अलावा उनकी दिनचर्या, स्वास्थ्य और जरूरतों के बारे में जानें और उन्हें अकेलापन महसूस न होने दें।

### मेडिकल जरूरतों का ध्यान रखें



बढ़ती उम्र में माता पिता का व्यवहार बच्चों के जैसा ही हो जाता है। ऐसे में आपकी जिम्मेदारी बनती है कि आप माता-पिता के लिए हेल्थ चेकअप और दवाइयों का ध्यान रखें। खासतौर पर अगर वे किसी बीमारी से पीड़ित हैं, तो उनके लिए डॉक्टर के अपॉइंटमेंट बुक करें। घर के पास एक मेडिकल स्टोर से उनकी दवाइयों की होम डिलीवरी का इंतजाम करें। उन्हें खुद समय से दवा खाने की याद दिलाएं।

### फाइनेंशियल सपोर्ट और मैनेजमेंट

भले ही आपके माता पिता कि पेंशन आती हो, लेकिन उसके बावजूद आप खुद भी माता-पिता की आर्थिक जरूरतों का ध्यान रखें और समय पर पैसे भेजें। अगर वे ऑनलाइन बैंकिंग नहीं जानते, तो उन्हें इसे सिखाएं या उनके बैंक अकाउंट को अपने से लिंक करें। उनके लिए हेल्थ इंश्योरेंस और लाइफ इंश्योरेंस करवाएं ताकि किसी भी मेडिकल इमरजेंसी में परेशानी न हो।

### घर की सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रखें

यदि आपके माता पिता अकेले रहते हैं तो ये सबसे जरूरी टिप है। घर की सिक्योरिटी के लिए आप घर में सिक्योरिटी कैमरा और स्मार्ट लॉक जैसी गैजेट्स लगवा सकते हैं। घर के आसपास किसी रिश्तेदार या पड़ोसी से संपर्क में रहें, ताकि ज़रूरत पड़ने पर वे माता-पिता की मदद कर सकें। घर की सफाई, बिजली और मरम्मत से जुड़ी चीज़ों के लिए एक भरोसेमंद हेल्पर या केयरटेकर का इंतजाम करें। किसी भी नए व्यक्ति को घर में न भेजें।



## घर पर बना रहे हैं मोमोज तो आटा तैयार करते वक्त करें ये काम

जब भी आप मोमोज घर पर बनाते हैं तो इसका आटा सही तरह से नहीं गूंथ पाता? क्या आटा जरूरत से ज्यादा पतला हो जाता है? अगर हां, तो इस लेख में बताए गए टिप्स आपके लिए मददगार साबित हो सकते हैं।

### मैदा में आटा जरूर मिलाएं

परफेक्ट मोमोज बनाने के लिए जरूरी है मैदा में गेहूं का आटा मिलाना, क्योंकि अगर आप सिर्फ मैदा इस्तेमाल करेंगे तो कुछ देर बाद मोमोज सख्त हो जाएंगे। इसलिए बेहतर है कि आप मोमोज का आटा गूंथते वक्त थोड़ा-सा गेहूं का आटा मिला लें।

गेहूं का आटा ज्यादा इस्तेमाल नहीं करना है, क्योंकि अगर आप आटे का ज्यादा इस्तेमाल करेंगे तो मोमोज का स्वाद बेकार हो जाएगा। आप 1 कप मैदे के साथ एक चौथाई कप गेहूं का आटा इस्तेमाल कर सकते हैं। यह सुनने में आपको थोड़ा अजीब लग सकता है, लेकिन यह सच है कि आटे को सॉफ्ट और मलाईदार बनाने के लिए सिरके का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसको लेकर शेफ रणवीर का कहना है कि आटे को सॉफ्ट बनाने के लिए खट्टापन जरूरी है।

अगर आप सिरका इस्तेमाल नहीं करना चाहते हैं, तो दही या नींबू के रस का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। मगर कुछ भी इस्तेमाल करने से पहले मात्रा का ध्यान रखें। अगर मात्रा सही जरूरत से ज्यादा होगी, तो मोमोज का स्वाद खराब हो सकता है।



### आटा गूंथने के लिए गर्म पानी का करें इस्तेमाल

अगर आप घर पर परफेक्ट मोमोज बनाना चाहते हैं, तो कोशिश करें कि आटा गूंथते वक्त गर्म पानी का इस्तेमालकरें। इस तरह आपका गूंथा हुआ आटा बहुत ही ज्यादा सॉफ्ट रहेगा और जो मोमोज बनेंगे वो काफी सॉफ्ट रहेंगे। इसके लिए गुनगुना पानी थोड़ा-थोड़ा करके आपको आटे में डालना होता है। इसके साथ ही हल्के हाथों से आपको आटा गूंथना होगा। ऐसा करने से आटा काफी फ्लफी होगा और अगर आपको मोमोज को फ्राई करना है वो भी आसानी से किया जा सकता है।

### मोमोज के लिए आटा कैसे गूंथें?

इसके लिए एक कप मैदे में आधा छोटा चम्मोच नमक, और 1 चुटकी बेकिंग सोडा डालें। मैदे में बेकिंग सोडा डालने से मोमोज को स्टी म करने के बाद वह सख्त नहीं होते बल्कि उनकी स्किन सॉफ्ट होती है और मुंह में डालते ही घुल जाती है।

## पुराना फर्नीचर खरीदने से पहले जानें वास्तु के नियम



पुराने फर्नीचर में अक्सर अपने पिछले मालिकों की भावनाएं समाहित होती हैं। ये ऊर्जा चाहे सकारात्मक हों या नकारात्मक, आपके घर की आभा को प्रभावित कर सकती हैं। यदि वह फर्नीचर किसी ऐसे घर का हिस्सा रहा है जिसमें वित्तीय नुकसान, स्वास्थ्य समस्याएं या संघर्ष का अनुभव हुआ है, तो ऐसी ऊर्जाएं आपके घर में भी उस फर्नीचर के माध्यम से स्थानांतरित हो सकती हैं और आपके घर के ऊर्जा संतुलन को बाधित कर सकती हैं। ऐसा माना जाता है कि पुराना फर्नीचर अक्सर अपने पिछले मालिकों और उस वातावरण की ऊर्जा को वहन करता है जिसमें इसका उपयोग किया गया था। अगर पहले रखे स्थान पर फर्नीचर नकारात्मक घटनाओं, विवादों या तनाव वाले स्थान का हिस्सा था, तो यह उन कंपनों को नए स्थान पर भी बनाए रख सकता है। सुनने में भले ही आपको थोड़ा अटपटा लगे, लेकिन पुराना फर्नीचर कई बार आपके लिए नकारात्मक ऊर्जा का स्त्रोत हो सकता है और इसके माध्यम से आपके घर में किसी दूसरे की नकारात्मक ऊर्जा प्रवेश कर सकती है। जब आपके घर में ऐसा कोई फर्नीचर रखा जाता है, तो यह सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को बाधित कर सकता है, जिससे शांति और सद्भाव में कमी आ सकती है। जो फर्नीचर पुराना या खराब रखरखाव वाला है, उसमें एलर्जी के बैक्टीरिया धूल और कीड़े हो सकते हैं।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बूढ़े रेसर बन फॉर्मूला वन की रेस जीतने निकले ब्रैड, छा गया ट्रेलर



ब्रैड पिट अभिनीत स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'एफ 1' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। जिसमें फिल्म की कहानी की छोटी सी झलक देखने को मिली थी। इस फिल्म में ब्रैड पिट एक बूढ़े रेसर की भूमिका निभा रहे हैं, जो फॉर्मूला वन में वापसी कर रहा है। इसे वास्तविक स्थानों पर असली फॉर्मूला कारों में फिल्माया गया है। प्रशंसकों ने भी ट्रेलर और स्कोर की तारीफ की है। ट्रेलर को रिलीज हुए 48 घंटे हो चुके हैं। यूट्यूब पर ट्रेलर को अब तक एक करोड़ 16 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर भी फैंस इस ट्रेलर को खूब पसंद कर रहे हैं। कमेंट बॉक्स में यूजर्स ने अपनी प्रतिक्रियाएं भी साझा की हैं। कुछ यूजर्स का कहना है कि यह फिल्म बेस्ट स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म होगी तो वहीं, कुछ यूजर्स ने फिल्म की रिलीज को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया। ट्रेलर की शुरुआत जेवियर बार्डेम के किरदार से होती है, जो सोनी हेस (ब्रैड पिट) को एक पूर्व रेसर के रूप में पेश करता है, जिसके सबसे अच्छे दिन पीछे छूट चुके हैं। वह उसे अपनी फार्मूला-1 टीम में सीट देने का प्रस्ताव देता है, ताकि वह अपने नए ड्राइवर जोशुआ पीयर्स (डैमसन इदरिस) को सलाह दे सके, लेकिन सोनी हेस को अब अपने बूढ़े शरीर और एक ऐसे साथी से लड़ना होगा, जो उसका सम्मान नहीं करता, साथ ही 'F1 में कभी नहीं होने' के टैग से भी लड़ना होगा। एफ1 में केरी कोंडन, टोबियास मेंजीज और किम बोडनिया भी हैं। इसे असली ग्रैंड प्रिक्स सप्ताहांतों के दौरान फिल्माया गया है, जब टीम खेल के खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करती है।

### टॉलीवुड

## 'कल्कि 2' आएगी इस साल के आखिर में, अश्विन ने कहानी का किया खुलासा



फिल्म निर्माता नाग अश्विन की 'कल्कि 2898 एडी' साल 2024 की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर में से एक थी। अमिताभ बच्चन, प्रभास और दीपिका पादुकोण अभिनीत इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। अब निर्देशक और निर्माताओं ने फिल्म के सीक्वल पर काम शुरू कर दिया है। वहीं, अब फिल्म के निर्देशक नाग अश्विन ने 'कल्कि 2' के बारे में दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने यह कहकर सबको चौंका दिया कि वे इस साल दिसंबर में फिल्म रिलीज करने की योजना बना रहे हैं।

कल्कि भाग 1 में प्रभास के लिए कम स्क्रीन टाइमिंग की शिकायतों के बारे में बात करते हुए नाग अश्विन ने कहा कि उन्होंने कर्ण (प्रभास) की दुनिया को स्थापित करने के लिए सुमति (दीपिका) और अश्वत्थामा (अमिताभ) की पिछली कहानियों की खोज की। उन्होंने कहा कि भाग दो में प्रभास अधिक होंगे, क्योंकि यह मुख्य रूप से कर्ण और अश्वत्थामा पात्रों के इर्द-गिर्द केंद्रित होगा।

हालांकि, इससे पहले खबर आई थी कि प्रभास अपनी कई फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं, इसलिए 'कल्कि 2' के निर्माण को टाल दिया गया था। वहीं, अब निर्देशक इसी साल के अंत में फिल्म रिलीज करने की योजना बना रहे हैं, जिसके लिए प्रभास को इसकी शूटिंग के लिए भी समय निकालना होगा। प्रभास के पास इस साल रिलीज होने के लिए तीन फिल्में पहले ही कतार में मौजूद हैं, जिनमें- राजा साब, फौजी और स्पिरिट शामिल हैं।

फिल्म नाग अश्विन द्वारा लिखित और निर्देशित है। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म भारत की सबसे महंगी फिल्म है। फिल्म के डायलॉग साई माधव बुर्रा ने लिखे हैं। संगीतकार संतोष नारायणन, छायाकार जोर्डजे स्टोजिलजकोविक और संपादक कोटागिरी वेंकटेश्वर राव

### भोजपुरी

## 'लेकिन ये बता दीजिए कि आपने शादी किससे की', काजल राघवानी को इस तरह देखकर सभी पूछ रहे एक ही सवाल



भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी की नई तस्वीर इस वक्त काफी सुर्खियां बटोर रही हैं। दरअसल उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं जिनमें उन्होंने सिंदूर लगाया हुआ है। अब इन्हीं तस्वीरों पर लोग सवाल खड़े करते दिख रहे हैं कि क्या काजल राघवानी ने गुपचुप शादी तो नहीं कर ली।

काजल राघवानी अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियां बटोरा करती हैं। अब नया बवाल उनके माथे पर लगे सिंदूर को देखकर मच रहा है। लोग हैरानी जता रहे हैं और जानना चाह रहे हैं कि आखिर इन तस्वीरों के पीछे माजरा क्या है। लोगों को लग रहा है कि कहीं काजल ने सीक्रेट तरीके से शादी वादी तो नहीं कर ली। मजेदार ये है कि काजल राघवानी ने ये तस्वीरें खुद शेयर की हैं। काजल ने केवल तस्वीरें ही नहीं बल्कि अपना वीडियो भी शेयर किया है जिसमें मांग में सिंदूर दिख रहा है। कुछ तस्वीरें उन्होंने कार के अंदर की दिखाई हैं, जिसमें कुछ और लोग उनके साथ नजर आ रहे हैं। लोगों ने पूछा है- काजल जी शादी कब कर लिया सिंदूर दिख रहा है। एक ने पूछा- अभी मैं पूछूंगा आपके मांग में सिंदूर क्यों है तो आप बोलेंगी मैं शूटिंग पर थी। कई लोगों ने पूछा है- लेकिन ये बता दीजिए कि आपने शादी किससे की है। वहीं कई लोगों ने खेसारी लाल यादव को लेकर तंज भी कसा है।

लाइफ स्टाइल



### फ्रेंच फैशन

फ्रांसीसी फैशन के रुझान बिल्कुल अलग रंग लिए हुए आते हैं। सोशल मीडिया के इस दौर में 2025 का फैशन स्टाइल तय करना बेहद मुश्किल है। हालांकि पेरिस फैशन वीक के दौरान दुनिया भर से आने वाले डिजाइनरों के बीच यह मुद्दा हमेशा सरगर्म रहता है कि कोई एक सर्वमान्य स्टाइल कौन सा है। फिलहाल पेरिस में रनवे पर उतरने के लिए मॉडल तैयार हैं।

## बालों में लगाती हैं गर्म तेल तो पहले जान लें इसके नुकसान



बालों की देखभाल करने के लिए आपको सबसे पहले हेयर एक्सपर्ट की सलाह लेनी चाहिए और फिर ही किसी भी रूटीन को फॉलो करना चाहिए। खूबसूरत और घने बाल पाने के लिए रोजाना हेयर केयर करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको मार्केट में कई सारे बड़े-बड़े ब्रांड्स के हेयर केयर प्रोडक्ट्स आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन बालों की देखभाल करने के लिए मौसम का भी खास ख्याल रखना जरूरी होता है। सर्दी के मौसम में अक्सर हम बालों को मॉइस्चराइज करने के लिए हेयर ऑयल का इस्तेमाल करते हैं। वहीं हम कई बार बालों में तेल लगाने से पहले इसे गर्म करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बालों में तेल को गर्म करके लगाने के कई सारे नुकसान भी होते हैं। अगर नहीं तो आइये जानते हैं बालों में गर्म तेल को लगाने के नुकसान क्या हैं-

**स्कैल्प में गर्म तेल लगाने से क्या होता है ? :** स्कैल्प में तेल को गर्म करके लगाने से डैंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि गर्म तेल स्किन ड्राईनेस बढ़ा देता है, जिसके कारण बालों और स्कैल्प में डैंड्रफ की समस्या अधिक हो जाती है। हालांकि गर्म करके तेल को बालों में लगाने से आपको काफी रिलैक्स महसूस हो सकता है।

**तेल को गर्म करके लगाने से बालों को क्या होता है ?**

तेल को हल्का गुनगुना करना तो ठीक है, लेकिन अगर आप बालों में तेल को ज्यादा गर्म करके लगा रही हैं तो यह हेयर ड्राईनेस को बढ़ा देगा। हेयर ड्राईनेस बढ़ने के कारण बालों की खूबसूरती फीकी नजर आएगी तथा इससे बालों की चमक भी खो सकती है।

**किस तरह की स्कैल्प और बालों पर गर्म तेल को नहीं लगाना चाहिए ?:** वैसे तो आप किसी भी चीज या नुस्खे को बालों और स्कैल्प पर लगाने से पहले एक बार एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें, लेकिन अगर गर्म तेल की बात करें तो अगर आपके हेयर पतले हैं और आपके स्कैल्प की स्किन सेंसिटिव है तो हॉट ऑयल ट्रीटमेंट आपको अवॉयड ही करना चाहिए।

## रिसेप्शन में दिखाना है ग्लैमरस अंदाज तो पहनें इस तरह का गाउन, लोग हटा नहीं पाएंगे नजरें





हर लड़की के लिए उसकी शादी का दिन बेहद अहम होता है। इसकी तैयारी वो महीनों-महीनों पहले से करती हैं। शादी के कार्यक्रमों में जिस तरह से हल्दी, मेहंदी और संगीत काफी अहम होता है, उसी तरह से लोगों के लिए रिसेप्शन का कार्यक्रम भी काफी ज्यादा जरूरी होता है।

नई दुल्हन के लिए उसकी ससुराल में पहला कार्यक्रम रिसेप्शन ही होता है। इस कार्यक्रम में हर किसी की नजर दुल्हन पर ही होती है। एक समय था जब हर नई दुल्हन अपने रिसेप्शन के कार्यक्रम में एथनिक आउटफिट पहनती थी, लेकिन अब समय बदल गया है।

### सपना चौधरी का हैवी गाउन

अगर आप हैवी गाउन पहनकर अपना खूबसूरत और ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो सपना चौधरी का हैवी गाउन बेस्ट विकल्प है। ऐसे गाउन आजकल चर्चाओं में भी रहते हैं। ऐसे गाउन के साथ आप क्यूट सी हेयर स्टाइल भी बना सकती हैं।

### मलाइका का ग्लैम लुक

अक्सर अपने ग्लैमरस लुक की वजह से लोगों का दिल जीतने वालीं मलाइका आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। आप उनके इस लुक से टिप्स लेकर अपना रिसेप्शन लुक तैयार कर सकती हैं।

### गौहर खान का डीपनेक लुक

हरे रंग का ये डीपनेक बॉडीकॉन गाउन आपको ग्लैमरस लुक देने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इसके साथ अपने बालों को हल्का कर्ल जरूर करें। कर्ली बाल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएंगे। इसके साथ ही डीपनेक होने की वजह से आप गले में कुछ क्लासी सा नेकपीस कैरी कर सकती हैं।

### कटरीना कैफ

बहुत से लोगों के यहां नई दुल्हनें लाल, पीला, हरा रंग ही कुछ दिनों तक पहनती हैं। ऐसे में आप कटरीना कैफ की तरह ही लाल रंग का बैकलेस स्लिट स्टाइल का गाउन अपने लिए तैयार करा सकती हैं। ये देखने में बेहद ही प्यारा लगेगा।

## कुछ आसान नुस्खे पैरों के नाखून को बनाएंगे मजबूत और चमकदार



हम अपने चेहरे और हाथों की त्वचा का जितना ध्यान रखते हैं, उतना ध्यान हम अपने पैरों का नहीं रख पाते हैं। खासतौर पर पैरों के नाखूनों को हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे में यह रूखे, खुरदुरे और बेजान से नजर आते हैं। यदि इनकी ठीक से देखभाल न की जाए, तो यह न केवल खराब हो जाते हैं बल्कि इनमें इंफेक्शन भी हो जाता है। इसलिए बहुत जरूरी है कि पैरों के नाखूनों की ठीक से साफ-सफाई की जाए। आज हम आपको पैरों के नाखूनों मजबूत और खूबसूरत बनाने का बहुत ही आसान तरीका बताएंगे।

### अपने नाखूनों को साफ करें

सबसे पहले आपको एक अच्छे ब्रांड के नेल पेंट रिमूवर का इस्तेमाल करके नाखूनों को साफ करना चाहिए। इसके अलावा कोई भी अन्य चीज का इस्तेमाल करके आपको नेल पेंट नहीं रिमूव करना चाहिए। इससे आपके नाखून खुरदुरे और ड्राई हो जाते हैं।

### पैरों को पानी में सोक करें

एक छोटी और गहरी तस्तरी लें और उसमें पानी भर लें। पानी में नींबू का रस और एक छोटा चम्मच बेकिंग सोडा डालें। साथ ही थोड़ा सा नमक भी डाल लें। इसके बाद आप इस मिश्रण में अपने पैरों के नाखूनों को 5 से 10 मिनट के लिए डिप कर लें। इससे नाखूनों में जमी मैल फूल जाएगी और उसे निकालने में आसानी होगी। 10 मिनट बाद आपको नेल क्लीनिंग टूल की मदद से नखूनों के अंदर जमी गंदगी को साफ कर लेना चाहिए।

### नाखूनों पर पैक लगाएं

एक बार नाखून साफ हो जाएं, तो आपको उनके ऊपर नेल पैक लगाना चाहिए। बाजार में आपको बहुत सारे अच्छे ब्रांड्स में नेल पैक मिल जाएंगे, मगर आप इन्हें घर पर भी बना सकती हैं।

## लहंगे के साथ इस तरह के मिनी पर्स करें कैरी, दिखेंगी स्टाइलिश



लहंगे के साथ किस तरह क पर्स को कैरी करना चाहिए। इस बात को जानने के लिए फैशन ट्रेंड को समझना जरूरी होता है।शादी के लिए जब हम बाजार से लहंगा लेते हैं तो उसके साथ की मैचिंग सभी एक्सेसरीज लेते हैं लेकिन मैचिंग पर्स लेना भूल जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लहंगे के साथ कौन-सा मैचिंग पर्स लें। इस तरह के लुक के साथ कौन-से रंग का पर्स मैच करेगा, इस बात को लेकर हम कन्फ्यूज्ड रहते हैं लेकिन इस आर्टिकल के जरिए हम कुछ ऐसे मिनी पर्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें आप अपने लहंगे के साथ कैरी कर सकते हैं।

### गोल्डन मिनी पर्स

अगर आपके लहंगे में गोल्डन वर्क किया गया है तो आप लहंगे के साथ गोल्डन कलर का पर्स ले सकते हैं। गोल्डन कलर रॉयल लुक देने में सहायता करता है और ज़्यादातर आउटफिट के साथ ये मिनी पर्स काफी अच्छे लगते हैं। गोल्डन रंग के मिनी पर्स के डिज़ाइन में आपको मार्केट में आराम से मिल जाएंगे साथ ही ऑनलाइन प्लेटफार्म से भी आप ये पर्स ले सकते हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगह आप इस तरह पर्स को सस्ते दाम में खरीद सकते हैं और लहंगे के साथ इन पर्स को कैरी कर सकते हैं।

### ऑफ व्हाइट पर्स

लहंगे के साथ आप ऑफ व्हाइट कलर का पर्स भी कैरी कर सकती हैं। ऑफ व्हाइट कलर के काफी काफी सिंपल हैं और ये हर तरह के ऑउटफिट के साथ मैच करेगा। वहीं अगर आप लाइट रंग का आउटफिट कैरी कर रहे हैं तब भी आप इस तरह का पर्स अपने लहंगे के साथ कैरी कर सकती हैं। आप इसमें पर्ल वर्क वाले डिजाइंस को भी चुन सकते हैं।

कार्नर न्यूज

### आपका पार्टी लुक होना चाहिए सबसे अलग

## पार्टी में जाने के लिए अगर ऐसे होंगे तैयार तो पलट कर देखेगा हर कोई

जब भी किसी पार्टी में जाना होता है तो लड़कियां इसकी तैयारी कई दिन पहले से शुरू कर देती हैं। चाहे लड़कियों का आउटफिट हो या ज्वेलरी, सब कुछ एकदम खास ही होता है। ज्वेलरी और आउटफिट के साथ लड़कियां पार्टी में दमकती त्वचा के लिए कई दिन पहले से स्किन केयर भी करती हैं। इससे उनकी त्वचा खिली-खिली रहती है। वहीं अगर बात करें लड़कों की, तो लड़कों को लगता है कि वो बस अच्छे कपड़े पहनकर और सही से हेयर स्टाइल बनाकर अगर पार्टी में जाएंगे, तो हर कोई उन्हें देखता रह जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं है। पार्टी में जाने के लिए सिर्फ कपड़े से लेकर जूते और फिर हेयर स्टाइल अच्छा होना काफी नहीं है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। पार्टी में जाने से पहले आपको भी कुछ टिप्स अपनाने चाहिए, ताकि वहां हर कोई आपको ही पलट-पलट कर देखे।



### कराएं हेयर कट

पार्टी में जाने से करीब तीन से चार दिन पहले हेयर कट लें। ध्यान रखें कि इस दौरान कोई एक्सपेरिमेंट करने से बचें। अपने बाल सही से सेट कराकर इसे ऐसे ही रहने दें। ताकि पार्टी के दिन आपका लुक परफेक्ट दिखे।

### ग्रूमिंग गाइड

स्किन को करें एक्सफोलिएट

पार्टी में जाने से एक दिन पहने अपनी त्वचा को सही तरह से एक्सफोलिएट जरूर करें। इसकी वजह से त्वचा की डेड स्किन निकल जाती है, जिसके बाद चेहरा ग्लो करने लगता है।

### मॉइश्चराइजर है जरूरी

तैयार होने से पहले त्वचा पर मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। अगर आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो आपकी त्वचा रूखी लगेगी।

### पार्टी वाले दिन करें शीट मास्क का इस्तेमाल

जिस दिन पार्टी हो, उसी दिन पार्टी के कुछ घंटे पहले शीट मास्क का इस्तेमाल जरूर करें।



इससे आपके चेहरे की थकान कम दिखेगी और आपका चेहरा ग्लो करेगा।

### दांतों को रखें साफ

पार्टी में जाने से तुरंत पहले एक बार दांतों को अच्छी तरह से साफ करें। इससे आपके मुंह की बदबू भी कम होगी और अगर दांतों में कहीं खाना फंसा होगा तो वो भी निकल जाएगा।

### हल्का मेकअप करें

मेकअप सिर्फ लड़कियों के लिए नहीं बना है, ऐसे में आप भी पार्टी में जाने से पहले हल्का मेकअप कर सकते हैं। ध्यान रखें कि ज्यादा मेकअप अप्लाई न करें, इससे आपका लुक खराब हो सकता है।

### लिप बाम

अच्छी तरह से तैयार होने के बाद अगर आपके होंठ रूखे-सूखे रहेंगे तो आपका लुक खराब दिखेगा। ऐसे में लिप बाम हमेशा जेब में रखें, और इसका इस्तेमाल करते रहें।